RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 246 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 28 अगस्त, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# 'बांग्ला बंदो' गोली, बम, झड़प... मचा कोहराम

## बीजेपी नेता की कार पर फायरिंग, रूपा गांगुली, लॉकेट चटर्जी हिरासत में

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता के RG Kar अस्पताल में महिला डाक्टर से बलात्कार के बाद उसकी निर्मम हत्या के विरोध में पश्चिम बंगाल में बंद के दौरान हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। बीजेपी ने आज बंगाल बंद बुलाया है। बंद के दौरान बीजेपी और टीएमसी कार्यकर्ताओं के भिड़ने की खबरें हैं। उधर, भाटपाड़ा में बीजेपी नेता पर फायरिंग हुई है। हमले में दो लोग घायल हुए हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेता रूपा गांगुली व लॉकेट चटर्जी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस द्वारा की गई लाठीचार्ज में कई भाजपा कार्यकर्ता घायल होकर अस्पताल में भर्ती हैं।

भाजपा ने बलात्कार की घटना के विरोध में आज बंगाल बंद बुलाया है। इस दौरान बीजेपी नेता अर्जुन सिंह ने आरोप लगाया कि हमारी पार्टी के नेता प्रियंगु पांडे की कार पर हमला हुआ है। उन पर सात राउंड गोली चली हैं। हमले में दो लोग घायल हुए हैं। कार चालक भी जख्मी हुआ है।

ये सब एसीपी की मौजूदगी में हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रियंगु की हत्या की साजिश थी। टीएमसी के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वे इस तरह की चीजें कर रहे हैं। प्रियंगु ने बताया कि मैं अर्जुन सिंह के आवास पर जा रहा था। हम कुछ दूर आगे बढ़े और भाटपाड़ा में रास्ते को ब्लॉक कर दिया गया। जैसे ही हमारी गाड़ी रुकी, करीब 50-60 लोगों ने गाड़ी को निशाना बना लिया। मेरी गाड़ी पर 7 से 8 बम फेंके गए और फिर 6-7 राउंड फायरिंग की गई। ये टीएमसी और पुलिस की संयुक्त साजिश है, उन्होंने मेरी हत्या की योजना बनाई।







बंगाल बंद का असर सिलीगुड़ी में भी देखा जा रहा है। शहर व आसपास में सभी बाजार, दुकान प्रतिष्ठान बंद हैं। केवल इक्का-दुक्का चाय-पान की दुकानें ही खुली हैं। वहीं, सड़कों पर वाहनों की आवाजाही भी आम दिनों की तुलना में बहुत कम है। इसके अलावा स्कूल, कालेज व अन्य शिक्षण संस्थान भी लगभग-लगभग बंद हैं।

कोलकाता के RG Kar अस्पताल की डॉक्टर से रेप और बलात्कार का मामला चर्चा में बना हुआ है। इस घटना के विरोध में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए बड़ी संख्या में छात्र सड़कों पर हैं। बीजेपी ने आज 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया है। यह बंद बुधवार सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक रहेगा। इस बंद को नबन्ना मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के विरोध में बुलाया गया है। लेकिन ममता बनर्जी का दो टूक कहना है कि बुधवार को कोई बंद नहीं रहेगा. सरकारी कर्मचारियों के ऑफिस नहीं पहुंचने पर उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

बंद के दौरान बंगाल के भाटपाड़ा में बीजेपी के स्थानीय नेता प्रियांगु पांडे के वाहन पर फायरिंग हुई है. बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि टीएमसी के गुंडे ने बीजेपी नेता के वाहन पर फायरिंग की। वाहन के ड्राइवर को गोली लगी है. इस तरह ममता बनर्जी और टीएमसी बीजेपी को सड़कों को हटाने की कोशिश कर रही है. बंद सफल रहा है और लोगों ने इसका दिल से स्वागत किया है। पुलिस और टीएमसी का टॉक्सिक कॉकटेल अब बीजेपी को डरा नहीं पाएगा। कई जगह भाजपा व टीएमसी के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हुई है।

## ग्रेटर नोएडा में दो युवकों ने किया आत्मदाह का प्रयास, एमआरएफ का विरोध तेज

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा एमआरएफ (वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर) का कासना पुलिया के पास निर्माण का विरोध कर रहे किसान संगठन और पुलिस के बीच टकराव हो गया। इस दौरान संगठन से जुड़े दो युवकों ने आत्मदाह की कोशिश करते हुए अपने ऊपर मिट्टी का तेल छिड़क लिया। युवकों द्वारा आत्मदाह के प्रयास के बाद मौके पर तनाव बन गया।



थाना बीटा-2 क्षेत्र में कासना पुलिया के पास ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा एमआरएफ (वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर) का निर्माण करवाया जा रहा है। इस कार्य को रुकवाने के लिए अब किसान संगठन से जुड़े लोग भी सामने आ गये हैं। बुधवार सुबह एमआरएफ का विरोध कर रहे (शेष पृष्ठ-3 पर)

## वैगनार कार लूटने वाला बदमाश मुठभेड़ में घायल

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** थाना अंकुर विहार क्षेत्रान्तर्गत हुई वैगनार कार की लूट की घटना में शामिल बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि थाना अंकुर विहार क्षेत्र में तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा एक व्यक्ति से उसकी वैगनार कार को तमंचे के बल पर लूट ली गई थी। थाना अंकुर विहार पुलिस टीम द्वारा खन्ना नगर अण्डरपास पर चेकिंग की जा रही थी, तभी सफेद वैगनार कार सवार 3 व्यक्ति आते दिखायी दिये जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया लेकिन इनके द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर खजूरी पुस्ते की तरफ भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा पीछा कर बदमाशों को घेर लिया। जिस पर फिर बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। जवाबी कार्यवाही में पुलिस ने भी गोली चलाई जिसमें एक बदमाश घायल हो गया और दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में (शेष पृष्ठ-3 पर)

## एमएसपी गारंटी कानून को लेकर प्रदर्शन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** एमएसपी गारंटी कानून लागू करने की मांग को लेकर आज भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के पदाधिकारी ने जिला कलेक्टर पर पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि संसद के अगले सत्र में एमएसपी पर कानून बनाया जाए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### पोस्टमार्टम हाउस कांड

## गवाही देने से मुकरे चारों कर्मचारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-94 स्थित पोस्टमार्टम हाउस में हुई रंगरेलियों की घटना में नामजद चारों कर्मचारी पूछताछ में मुकर गए। दरअसल इस मामले की जांच डिप्टी सीएमओ डा. जयेश लाल ने करके रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी को सौंप दी है। रिपोर्ट में बताया गया कि इस मामले में मुख्य आरोपी महिला के साथ वीडियो में दिख रहे शेर सिंह को बनाया गया है। शेर सिंह ने हीं महिला को बुलाया था। उसकी सेवाएं पहले ही समाप्त की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि वह जेल में बंद है। इसकी वजह से उससे पूछताछ नहीं की जा सकी। उन्होंने बताया कि घटना के समय वहां मौजूद चार कर्मचारियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उन्होंने इसकी कोई भी जानकारी होने से मना कर दिया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पीजी की आड़ में चल रहा था देहव्यापार का अड्डा




**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** थाना साहिबाबाद क्षेत्र राजेन्द्रनगर में पीजी की आड़ में चल रहे एक देहव्यपार के बड़े अड्डे का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में एक दलाल सहित चार लोग और चार महिलाएं के अलावा उसकी संचालिका को गिरफ्तार कर लिया है। महिलाओं को काउंसलिंग के बाद (शेष पृष्ठ-3 पर)

## जिम करने गए युवक के साथ मारपीट व फायरिंग

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी क्षेत्र के स्कॉट कॉलोनी में स्थित एक जिम में जिम करने के युवक के साथ तीन अज्ञात लोगों ने मारपीट की तथा जान से मारने की नीयत से उस पर गोली चलाई। पुलिस के मुताबिक बीती रात को रामप्रसाद पुत्र धनीराम निवासी दौलत राम कॉलोनी ने थाना दादरी में बीती रात को रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका पोता यश समानिया स्कॉट कॉलोनी में स्थित एक जिम में मंगलवार को जिम करने के लिए गया था। उनके अनुसार वहां पर तीन अज्ञात लोग आए। उन लोगों ने आते ही उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। तीनों आरोपियों में से एक लड़के ने उनके पोते के ऊपर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई। इसके बाद वहां से वे लोग भाग गए। उन्होंने बताया कि पीड़ित ने शक जाहिर किया है कि राजकुमार पंडित ने इस घटना को अंजाम दिलवाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दादरी के विधायक तेजपाल नागर को प्रदेश में दी गई बड़ी जिम्मेदारी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्धनगर की दादरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक तेजपाल सिंह नागर को प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्हें उत्तर प्रदेश राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति वित्तीय वर्ष 2024-25 में सदस्य नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री योगी द्वारा दी गई जिम्मेदारी पर विधायक तेजपाल सिंह नागर ने मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री का आभार व्यक्त किया है और दिए गए दायित्व को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का वायदा किया है।



बता दें कि प्रदेश के विकास में सड़क सरंचना की बड़ी भूमिका है। जिस प्रदेश की सड़कें अच्छी और यातायात सुगम हो उस प्रदेश का विकास तेजी से संभव है। जिसे ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व पीडब्ल्यूडी राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति वित्तीय वर्ष 2024- 25 का गठन किया गया है। जिसे उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल के द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इस समिति में प्रदेश के 2 सांसद, (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नोएडा में अगले माह आएगी 15 कॉमर्शियल भूखंडों की योजना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अगले महीने करीब 15 व्यावसायिक भूखंडों की योजना नोएडा प्राधिकरण लाएगा। इसमें 200, 300 से लेकर 20 से 40 हजार वर्ग मीटर तक के बड़े भूखंड योजना में शामिल किए गए हैं। इनका आवंटन ई-नीलामी के आधार पर होगा।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-62, 96, 97, 98, 105 आदि सेक्टर में संबंधित भूखंड चिन्हित किए गए हैं। सेक्टर का व्यावसायिक आवंटन रेट उसका रिजर्व प्राइज होगा। आवेदक को भूखंड लेने के लिए इससे अधिक कीमत की बोली लगानी होगी। नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि अभी योजना लाने के क्रम में भूखंड के लिए जगह

नोएडा
एक उत्कृष्ट क्षेत्र

चिन्हित की गई है। अब आगे की प्रक्रिया पर काम शुरू होगा। उम्मीद है कि अगले महीने भूखंड योजना लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रयास है कि योजना में और भूखंड शामिल किए जाएं। इसके लिए जगह देखी जा रही है। वहीं, दूसरी ओर सेक्टर-32 में खाली पड़ी जगह पर भूखंड योजना लाने के लिए अलग-अलग विकल्प पर प्राधिकरण विचार कर रहा है। यहां दिल्ली के कनॉट प्लेस के अलावा दुबई के बुर्ज खलीफा की तरह भी यहां ऊंची इमारत और आसपास अन्य सुविधाएं देने पर प्राधिकरण के अधिकारी मंथन कर रहे हैं।

### तीन मौतों के बाद जागा प्राधिकरण

## क्रैश बैरियर के अंदर लगे पोल कैसे हटें, कमेटी गठित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 14 अगस्त को पोल की टक्कर में तीन युवकों की हुई दर्दनाक मौत के बाद अब नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर क्रैश बैरियर के अंदर लगे पोल हटाने की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए एक कमेटी गठित की गई है जो जांच कर रिपोर्ट देगी कि इन पोल को हटाया जाए या कोई सुरक्षा के अन्य वैकल्पिक इंतजाम किए जाएं।

यहां करीब 8 पोल इंटिग्रेटड ट्रैफिक सिस्टम के लगे है। इसके अलावा 11 विज्ञापन के पोल और 5 फुट ओवर ब्रिज नोएडा एक्सप्रेस पर बने है। ये सभी क्रेश बैरियर के अंदर है। ट्रैफिक विभाग से बातचीत करके इन पोल को शिफ्ट किया जा सकता है। ऐसे स्ट्रक्चर जो क्रैश बैरियर के बाहर नहीं किए जा सकते उनकी सुरक्षा के क्या उपाए हो सकते है।

इसको लेकर एक बैठक ट्रैफिक विभाग के साथ होगी। प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि बतौर एक्सप्रेस वे की पड़ताल के लिए एक कमेटी बनाई है। ये कमेटी अपना काम कर रही है। इप पोल्स को शिफ्ट किया जाए या कोई और मेजर सेफ्टी के पाइंट शामिल किए जाए इसकी रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट सब्मिट होते ही आगे की प्रक्रिया की जाएगी।



24.5 किमी लंबे नोएडा एक्सप्रेस वे सिटी सर्विलांस सिस्टम के अंदर आता है। इस एक्सप्रेस की निगरानी के लिए यहां आईएसटीएमएस के तहत कैमरे लगाए है। इन कैमरों को पोल पर लगाया गया है। पोल क्रैश बैरियर के अंदर यानी एक्सप्रेस वे की ओर लगे है। इसका कुछ हिस्सा ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण के पास भी है। ऐसे में नोएडा वाहन चालकों के लिए इस एक्सप्रेस वे को सुरक्षित बनाता चाहता है। प्राधिकरण डीजीएम राजेश कुमार ने बताया कि पोल को क्रैश बैरियर के पीछे शिफ्ट करना एक लंबा प्रोसेस है। सेफ्टी पाइंट को लेकर मंथन किया जा रहा है। ट्रैफिक विभाग के साथ बैठक कर मेजर पाइंट पर चर्चा की जाएगी। सर्वे किया जाएगा इसके बाद फाइनल रिपोर्ट सब्मिट की जाएगी।

14 अगस्त को इसी एक्सप्रेसवे पर प्राधिकरण के (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कॉलोनी काटने का झांसा देकर लाखों ठगे

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दादरी क्षेत्र के आमका गांव में कॉलोनी काटने का झांसा देकर दो लोगों ने उससे एक करोड़ 70 लाख रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है।



पुलिस के मुताबिक यशपाल यादव निवासी बिसरख ने थाना दादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सतपाल यादव तथा मनीष अग्रवाल ने उसे बताया कि वे लोग दादरी के आमका गांव में कॉलोनी काट रहे हैं। पीड़ित के अनुसार इन्होंने 3 हजार रुपए प्रति वर्ग गज के हिसाब से 100 गज के 60 प्लाट उसे बेचा। यशपाल का आरोप है कि इन लोगों ने उसके साथ धोखाधड़ी की। प्लाट के एवज में उसने एक करोड़ 70 लाख रुपए दे दिया, लेकिन आरोपियों ने धोखाधड़ी करके ना तो उसे प्लाट दिया और ना ही उसके पैसे वापस कर रहे हैं। पीड़ित के अनुसार सतपाल यादव उसका रिश्तेदार है। थाना प्रभारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## यहां कानून साहसी नहीं

मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल में सियासी दम है कि वह अपने विभाग के ही प्रस्ताव को कूड़े की टोकरी में तब तक सुला सकते हैं, जब तक राजनीति ऐसे गढ़े मुर्दों को बाहर न निकाले। अभी दो दिन पहले के प्रस्ताव ने जन्म भी नहीं लिया कि पालमपुर के विधायक को अपने ही विभाग पर शक हो गया। विभाग पालमपुर नगर निगम की अगली सदी को सुनिश्चित करते हुए 76 राजस्व गांवों को नगर एवं ग्राम योजना कानून के तहत लाने की रूपरेखा बनाने लगा था। यह माननीय विधायक का वादा है कि उनकी सरहद में उन्हीं के विभाग का ऐसा प्रस्ताव पर नहीं मार सकता। यह इसलिए कि जनता योजना से डरती है, अपने विस्तार और विकास से नहीं। क्योंकि जनता रूठ न जाए, इसलिए कानून बनाने वाले भी इनके कार्यान्वयन से डरते हैं। शहरी विकास है क्या, अगर इस मानसिकता को पढ़ा जाए, तो हिमाचल का हर गांव अब एक शहर है। गांव की शहर बनने की अभिलाषा में पूरा हिमाचल धड़ाधड़ निर्माण कर रहा है। हर सड़क पर निर्माण की प्रतिस्पर्धा ने छीन लिए प्रकृति के पैगाम-प्रकृति के आयाम, घाटियां लील कर हम चबूतरे हो गए, लेकिन छत से टकराती छत को सुकून का आशियाना न मिला। अगर नवनिर्माण के औचित्य में इनसानी जरूरतों का विश्लेषण किया जाए, तो मालूम होगा कि हम प्राकृतिक संसाधनों के प्रति कितने लापरवाह हैं। हम प्रदेश को अस्त-व्यस्त देखना चाहते हैं, इसलिए हमारी औकात ही नहीं कि नगर नियोजन को समझा जाए। हम शहर में रेंगना चाहते हैं, गांव में भौकाल को जगाना चाहते हैं। जाहिर है 76 राजस्व गांवों के पंचायत चुनाव बुटेल जी की सियासत में माथापच्ची बढ़ा दें या वह अनुमति दे भी दें, तो विपक्ष के हारे हुए प्रत्याशी को सहानुभूति दर्शाने का यही सुराग मिल जाए। उनके लिए पर्यटक गांव बसाना आसान हो सकता है, इसलिए कृषि विश्वविद्यालय से वह 120 हेक्टेयर जमीन ले सकते हैं। हमारे विकास के रथ अब ऐसे घोड़ों पर सवार हैं जो घास नहीं, घोषणा खाते हैं। लिहाजा कानून से बड़ी घोषणा होनी चाहिए। सरकार कोई भी हो, कानून कभी बड़ा नहीं होता है, होती है तो घोषणा ही महान। इसलिए 76 गांवों का भविष्य टीसीपी कानून तय नहीं कर पाएगा, लेकिन इसके दायरे को निरस्त करने की घोषणा सहज स्वीकृत हो जाएगी। कुछ ऐसी ही घोषणाएं कानून के पर्दे हटाने के लिए काफी हैं। हम घोषणाओं में सफर करने का समाज बन चुके हैं। हम वर्षों से वन महोत्सव मना रहे हैं, लेकिन बरसात के बाद वसंत को मालूम नहीं कि बहार आई किन पौधों पर। हम पार्किंग सुविधाओं की घोषणाओं पर पालमपुर को मुकर्रर करते हैं, लेकिन वाहनों के कीड़े सड़कों पर डटे हैं। यहां कानून साहसी नहीं, बल्कि उसके सामने निडर होकर खड़े रहने वाला साहसी है। अगर ऐसा न होता तो पहाड़ यूं ही कटते नहीं, खड्डें रेत को तरसती नहीं और घर की नींव तक पहुंचे माफिया के सामने हम बिकते नहीं। हमारी घोषणाएं नए भवन, नई इमारतें और नए कार्यालय खोल सकती हैं, लेकिन सेल्फी प्वाइंट पर उगी घास हम नहीं उखाड़ सकते। लावारिस गोवंश अगर डीसी कार्यालयों तक पहुंच कर भी आवारा घोषित नहीं, तो कमाल का सुशासन हमारी आंखों के सामने दौड़ता है। वन वे ट्रैफिक रूल को तोडने वालों के साहस को दुहाई दें या बढ़ते पुलिस जिलों के मुखियाओं को सलाम कर दें। दिल तो करता है कानून की अतिक्रमित बस्ती में बसा जाए, हमारे हुक्मरानों को सिर्फ यह इत्तिला दे दी जाए। आश्चर्य यह कि अगर विधायक शहरी विकास योजनाओं के प्रारूप में इस तरह का रवैया पाले रहेंगे, तो पालमपुर जैसे शहरों में नगर निगम की स्थापना का औचित्य क्या। यहां योल कैंप का उदाहरण भी दिया जा सकता है जहां दशकों बाद छावनी बोर्ड से मुक्त होकर शहर के लोगों ने गांव में बसने की इच्छा व्यक्त की है, नतीजतन गंदगी और अतिक्रमण के आलम में विकृतियां पैदा हो गई हैं। यदि योल छावनी के शहरी क्षेत्र को धर्मशाला नगर निगम में समाहित कर दें, तो ब्रिटिश काल से शुरू हुई शहरी परिकल्पना में सुनियोजित विकास की निरंतरता जारी रह सकती है। राजनीति के स्वार्थों में फंसा हिमाचल कब एक सुनियोजित मॉडल के तहत भविष्य के विभिन्न पहलुओं का संरक्षण करेगा, यह सबसे बड़ा सवाल है।

# विश्व बैंक रिपोर्ट को खारिज करे भारत

एक अगस्त 2024 को विश्व बैंक ने अपनी विश्व विकास रिपोर्ट 2024 जारी की। इसमें आर्थिक शब्दावली का इस्तेमाल करते हुए विश्व बैंक द्वारा न केवल भारत बल्कि इंडोनेशिया, वियतनाम, दक्षिण अफ्रीका जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बारे में भी नकारात्मक टिप्पणी की गयी है। भारत के संदर्भ में विश्व विकास रिपोर्ट का कहना है कि भारत को अमेरिका की प्रति व्यक्ति आय के एक-चौथाई तक पहुंचने में 75 साल लगेंगे। यानी एक तरह से भारत के 2047 तक विनिर्माण विकास पर सवार होकर विकसित अर्थव्यवस्था बनने के संकल्प का मजाक उड़ाने की कोशिश की गई है। विश्व बैंक का दावा है कि यह रिपोर्ट 108 मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के आंकड़ों पर आधारित है, जिनमें दुनिया की 75 प्रतिशत आबादी रहती है और जो सकल घरेलू उत्पाद का 40 प्रतिशत उत्पन्न करते हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारत और इंडोनेशिया की औद्योगिक नीति की आलोचना करते हुए कहा है कि बहुत अधिक विकास के आधार पर तेजी से अमीर बनने के बजाय उन्हें लंबी अवधि के लिए धीमी लेकिन निरंतर वृद्धि का लक्ष्य रखना चाहिए। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि मध्यम आय वाले देशों को घरेलू प्रौद्योगिकी विकास का मोह छोड़ देना चाहिए और अन्य देशों, विशेष रूप से विकसित देशों और उनकी कंपनियों द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी का उपयोग करना चाहिए, क्योंकि स्वयं की प्रौद्योगिकी विकसित करने का प्रयास, संसाधनों की बर्बादी होगी। इस मामले में, इस रिपोर्ट ने सरकारी सहायता देकर विदेशी प्रौद्योगिकी को अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए दक्षिण कोरिया की प्रशंसा करते हुए, ब्राजील की यह कहकर आलोचना की है कि उसने अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पर कर लगाकर विदेशी प्रौद्योगिकी को हतोत्साहित किया, जिसके लिए उसे परिणाम भुगतने पड़े।




**विश्व बैंक को यह अवश्य पता होना चाहिए कि वर्तमान में क्रय शक्ति समता के आधार पर भारत की प्रति व्यक्ति आय 10000 अमेरिकी डॉलर से ऊपर पहुंच रही है, जो अमेरिका की प्रति व्यक्ति आय का 10 फीसदी से भी अधिक है।**

भारत को आगाह किया गया है कि वह अपनी खुद की तकनीक विकसित करने की कोशिश न करे, जैसा कि मलेशिया और इंडोनेशिया ने करने की कोशिश की है। हैरानी की बात यह है कि भारत की सेमीकंडक्टर नीति और रक्षा आत्मनिर्भरता नीति की भी आलोचना की गई है। दि इकोनॉमिस्ट लिखता है कि भारत द्वारा 509 रक्षा उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाने के बाद भारत दुनिया के शीर्ष 25 रक्षा निर्यातकों की सूची से बाहर हो गया है। रिपोर्ट में प्रसिद्ध अर्थशास्त्री शुम्पीटर के नाम का इस्तेमाल करते हुए लेखकों ने यह कहने की कोशिश की है कि भारत में सरकारी संरक्षण और नई (विदेशी) फर्मों के प्रवेश पर प्रतिबंधों के कारण, कुशल फर्म भी कुशल नहीं रह पाएंगी। रिपोर्ट कहती है कि जहां एक औसत अमेरिकी फर्म 40 साल में आकार में 7 गुना बढ़ जाती है, वहीं भारत में यह केवल दोगुनी होती है।

विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहां गलती हुई - ऐसा लगता है कि विश्व बैंक इस बात से नाराज है कि भारत सरकार ने टेस्ला इलेक्ट्रिक कार कंपनी के प्रस्ताव और शर्तों को खारिज कर दिया है और आयात शुल्क में पूरी छूट देने से इनकार कर दिया है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के लेखकों को शायद यह नहीं पता कि भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग का दुनिया में अपना एक अलग स्थान है, जिसके कारण देश में ऑटोमोबाइल कंपनियों ने बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण शुरू कर दिया है। भारत ऑनलाइन लेन-देन (विश्व प्रसिद्ध यूपीआई) में तेजी से विकास कर रहा है, जिसे खुद विश्व विकास रिपोर्ट ने भी स्वीकार किया है कि इसने किस तरह से व्यवसायों, खासकर छोटे व्यवसायों में क्रांति ला दी है। आज भारत का यूपीआई ऑनलाइन लेन-देन में दुनिया में अपनी जगह बना रहा है और कई देश इसे अपनाने के लिए उत्सुक हैं। चूंकि भारत ने यह तकनीक विकसित कर ली है, इसलिए वह स्विफ्ट जैसी अपनी खुद की भुगतान प्रणाली बना सकता है। भारत ने मित्र देशों से रुपए में तेल खरीदने जैसे लेन-देन करना शुरू कर दिया है, जो जाहिर तौर पर अमेरिका और यूरोप के देशों को पसंद नहीं है।

भारत में इस तकनीक के विकसित होने के बाद वीजा और मास्टर कार्ड जैसी कंपनियां बाजार से लगभग बाहर हो गई हैं। अंतरिक्ष क्षेत्र एक और उदाहरण है जहां भारत ने अपनी स्वदेशी तकनीक विकसित कर पीएसएलवी और चंद्रयान जैसी परियोजनाओं को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। आज स्थिति यह है कि चंद्रयान बनाकर भारत चंद्रमा के अंधेरे हिस्से में पहुंचने वाला पहला देश बन गया। जिस लक्ष्य के लिए अमेरिका को 166 अरब डॉलर खर्च करने पड़े, भारतीय वैज्ञानिकों ने उसे सिर्फ 615 करोड़ रुपए में हासिल कर लिया। जबकि विश्व बैंक को समझना होगा कि पिछले 5 वर्षों में भारत का रक्षा निर्यात कई गुना बढ़ गया है और भारत रक्षा उत्पादों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। भारत आज बड़ी तोपों, मिसाइलों, राइफलों और यहां तक कि लड़ाकू विमानों के निर्यात में भी आगे निकल रहा है। नहीं भूल सकते कि जब भारत ने इन देशों से अंतरिक्ष क्षेत्र में तकनीक मांगी थी, तो भारत की मांग को सिरे से खारिज कर दिया गया था।

रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका को लेकर विश्व बैंक का चिंतित होना स्वाभाविक है, क्योंकि इसके साथ ही विकसित औद्योगिक देशों के रक्षा बाजार अब सिकुड़ रहे हैं और दुनिया रक्षा वस्तुओं के लिए भारत की ओर रुख कर रही है। विश्व बैंक यह क्यों भूल जाता है कि इन सभी तथाकथित 'गलतियों' के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जबकि विकसित देश भयंकर मुद्रास्फीति और संकुचन या ठहराव की स्थिति से गुजर रहे हैं। अधिकांश यूरोपीय देश सबसे खराब मुद्रास्फीति, आर्थिक गिरावट और कर्ज के बोझ से गुजर रहे हैं और भारत भुगतान संतुलन में घाटे से बाहर आ रहा है। रुपए में पहले से बेहतर स्थिरता है, बुनियादी ढांचे में लगातार सुधार हो रहा है, बौद्धिक संपदा में निरंतर प्रगति हो रही है और पहले की तुलना में कई गुना अधिक पेटेंट दिए जा रहे हैं, 2023 में ही भारतीय पेटेंट कार्यालय द्वारा एक लाख पेटेंट दिए गए। 2024-25 के केंद्रीय बजट में देश में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपए का कोष बनाया गया है। बहुआयामी गरीबी में अभूतपूर्व कमी आई है और सभी बेघरों को घर दिए जा रहे हैं। गरीबों को सरकारी सहायता, बिजली, पानी, शौचालय, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था गरीबों के जीवन में बदलाव ला रही है।

इन सबके लिए संयुक्त राष्ट्र के यूएनडीपी जैसी संस्थाओं द्वारा भारत की प्रशंसा की जा रही है। विश्व बैंक को यह अवश्य पता होना चाहिए कि वर्तमान में क्रय शक्ति समता के आधार पर भारत की प्रति व्यक्ति आय 10000 अमेरिकी डॉलर से ऊपर पहुंच रही है, जो निश्चित रूप से अमेरिका की प्रति व्यक्ति आय का 10 फीसदी से अधिक है। इसलिए, अगले 23 वर्षों में उच्च आय वाला देश बनने के भारत के संकल्प का मजाक उड़ाना निश्चित रूप से उचित नहीं है। कई आलोचकों का मानना है कि यदि विश्व बैंक भारत के विकास के मार्ग की आलोचना कर रहा है, तो निश्चित रूप से भारत का विकास का मार्ग सही है। अतीत में भी विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा विकसित देशों के इशारे पर कई शर्तें लगाकर भारत के मार्ग में बाधा डालने की कोशिश की गयी, और विश्व बैंक ऐसी रिपोर्टों के माध्यम से अपना एजेंडा आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। वर्तमान रिपोर्ट के लेखकों को 'मध्यम आय जाल' के नाम पर अपने तर्कों को सही साबित करना है। उन्हें पता होना चाहिए कि आत्मनिर्भर भारत की जो रणनीति अपनाई जा रही है, वह विश्व बैंक द्वारा बताए जा रहे निरर्थक सिद्धांतों पर आधारित नहीं है, बल्कि यह रणनीति अतीत की सीखों और वैश्वीकरण के अंधे रास्ते से मिली सीखों का परिणाम है। भारत के नीति-निर्माताओं से अनुरोध है कि ऐसी रिपोर्टों को न केवल खारिज किया जाए, बल्कि सरकार भी विरोध दर्ज कराए।

**-डा. अश्वनी महाजन**
**कालेज प्रोफेसर**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ये सारे विघ्न उसको नहीं व्यापते ( बाधा नहीं देते ) जिसे श्री रामचंद्रजी सुंदर कृपा की दृष्टि से देखते हैं। वही आदरपूर्वक इस सरोवर में स्नान करता है और महान भयानक त्रिताप से ( आध्यात्मिक, आधिदैविक, आधिभौतिक तापों से ) नहीं जलता॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**ते नर यह सर तजहिं न काऊ। जिन्ह कें राम चरन भल भाऊ॥**
**जो नहाइ चह एहिं सर भाई। सो सतसंग करउ मन लाई॥**

जिनके मन में श्री रामचंद्रजी के चरणों में सुंदर प्रेम है, वे इस सरोवर को कभी नहीं छोड़ते। हे भाई! जो इस सरोवर में स्नान करना चाहे, वह मन लगाकर सत्संग करे॥

**अस मानस मानस चख चाही। भइ कबि बुद्धि बिमल अवगाही॥**
**भयउ हृदयँ आनंद उछाहू। उमगेउ प्रेम प्रमोद प्रबाहू॥**

ऐसे मानस सरोवर को हृदय के नेत्रों से देखकर और उसमें गोता लगाकर कवि की बुद्धि निर्मल हो गई, हृदय में आनंद और उत्साह भर गया और प्रेम तथा आनंद का प्रवाह उमड़ आया॥

**चली सुभग कबिता सरिता सो। राम बिमल जस जल भरित सो।**
**सरजू नाम सुमंगल मूला। लोक बेद मत मंजुल कूला॥**

उससे वह सुंदर कविता रूपी नदी बह निकली, जिसमें श्री रामजी का निर्मल यश रूपी जल भरा है। इस (कवितारूपिणी नदी) का नाम सरयू है, जो संपूर्ण सुंदर मंगलों की जड़ है। लोकमत और वेदमत इसके दो सुंदर किनारे हैं॥

(क्रमश:..)

## ओलंपिक पदक तालिका में सैन्य किरदार

जंग का मैदान हो या खेल का, कुश्ती का अखाड़ा हो या सियासत का, अपनी दास्तान-ए-सुजात के मजमून लिखने वाले भारतीय सेना के जवानों ने अंतरराष्ट्रीय खेलों तथा सबसे बड़े खेल महाकुंभ ओलंपिक में पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाया है। सेना के खिलाड़ियों का जिक्र किए बिना भारत का खेल इतिहास अधूरा रहेगा। हिंदोस्तान की जिस महान शख्सियत की यौम-ए-पैदाइश को 29 अगस्त के दिन 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के रूप में मनाया जाता है, वह महान हॉकी खिलाड़ी 'मेजर ध्यान चंद' एक सैनिक थे। हाल ही में फ्रांस की राजधानी 'पेरिस' में 2024 ओलंपिक का समापन हुआ है। सौ वर्ष पूर्व सन् 1924 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन भी पेरिस में ही हुआ था, जिसमें सेना के खिलाड़ी 'दलीप सिंह ग्रेवाल' ने लंबी कूद स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। ब्रिगेडियर दलीप सिंह तथा मेजर ध्यान चंद दोनों खिलाड़ियों का संबंध सेना की 'पंजाब रेजिमेंट' से था। भारतीय हॉकी ने ओलंपिक खेलों में आठ स्वर्ण, एक रजत व चार कांस्य सहित सर्वाधिक 13 पदक जीते हैं। सन् 1928 के 'एम्सटर्डम' ओलंपिक में भारतीय हॉकी ने देश के लिए पहला 'स्वर्ण पदक' जीता था।

1928 के एम्सटर्डम ओलंपिक से लेकर 1980 के 'मॉस्को' ओलंपिक तक भारतीय हॉकी की गोल्डन गाथा में मेजर ध्यान चंद, कैप्टन रूप सिंह, ब्रिगेडियर हरचरण सिंह, कर्नल जसवंत गिल, मेजर शांता राम, कर्नल हरिपाल कौशिक, कैप्टन शंकर लक्ष्मण, ग्रुप कैप्टन रघबीर सिंह, सूबेदार हरदयाल सिंह, नंदी सिंह व वीजे पीटर जैसे सेना के दिग्गज ओलंपियन खिलाड़ियों का बेहद अहम योगदान था। एशियाई व कॉमनवेल्थ खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा तीन ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले मशहूर धावक कैप्टन 'मिल्खा सिंह' 'द फ्लाइंग सिख' ने भारतीय सेना 'ईएमई' में भर्ती होकर ही अपने खेल जीवन की शुरुआत की थी। सन् 2004 के 'एथेंस' ओलंपिक में 'डबल ट्रैप स्पर्धा' में भारत के लिए एकमात्र पदक 'रजत' सेना के कर्नल 'राज्यवर्धन सिंह राठौर' 'ग्रेनेडियर्स' ने ही जीता था। हिमाचल प्रदेश के कैप्टन विजय कुमार 'डोगरा रेजिमेंट' ने 2012 के लंदन ओलंपिक में शूटिंग में 'रजत' पदक जीता था। 2020 के टोक्यो ओलंपिक में 'जैवलिन थ्रो' में 'स्वर्ण पदक' तथा 2024 पेरिस ओलंपिक में 'रजत पदक' विजेता 'नीरज चोपड़ा' को सेना ने सन् 2016 में 'राजपूताना राइफल्स' में 'जेसीओ' रैंक में कमीशन देकर उनकी खेल प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

हालिया पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 एथलीटों में 24 खिलाड़ी सशस्त्र बलों के थे। तीन हजार मीटर स्टीपल चेज के फाइनल में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सूबेदार 'अविनाश साबले' तथा बॉक्सर 'अमित पंघाल' 'महार रेजिमेंट' में सेवारत हैं। सेना की महिला खिलाड़ी 'जैस्मीन लाम्बोरिया' 'बाक्सिंग' 'सीएमपी' में हवलदार है। पहलवान 'रितिका हुड्डा' 'कुश्ती' भारतीय नौसेना में सेवारत हैं। भारतीय खेलों का वो भी एक दौर था जब एशियाई व कॉमनवेल्थ खेलों में पदक जीतने वाले कैप्टन उदय चंद, कैप्टन लीलाराम, कैप्टन मुख्तियार सिंह, सूबेदार देवी सिंह, विश्वनाथ सिंह तथा चंदगी राम जैसे सेना के दिग्गज पहलवानों ने ओलंपिक खेलों में कई देशों के पहलवानों को चुनौती पेश करके भारतीय कुश्ती का इकबाल बुलंद किया था।

भावार्थ यह है कि दशकों पूर्व जब देश गुरबत से जूझ रहा था, खिलाड़ी खेल सुविधाओं से वंचित थे, उस वक्त मेजर ध्यान चंद व बलबीर सिंह सीनियर जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने ओलंपिक महाकुंभ में हॉकी की 'गोल्डन हैट्रिक' लगाकर विश्व खेल पटल पर भारत का गौरव बढ़ाया था। वर्तमान में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को सशस्त्र बल, रेलवे तथा राज्य सरकारें भी रोजगार प्रदान कर रही हैं। सिंथेटिक ट्रैक व एस्ट्रोटर्फ जैसी आधुनिक खेल सुविधाएं मुहैया करवाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर के बेहतर व महंगे विदेशी कोच भी उपलब्ध हैं। खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध 'खेल महासंघ' स्थापित किए गए हैं।

खेल उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सन् 1984 में 'भारतीय खेल प्राधिकरण' की स्थापना की गई है। केंद्र सरकार तथा राज्यों में खेल मंत्रालय मौजूद हैं। देश में कई निजी खेल अकादमियां खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। खेल प्रशिक्षण पर करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद विश्व की 18 प्रतिशत आबादी की हैसियत रखने वाले भारत का ओलंपिक महाकुंभ में खेल प्रदर्शन सम्मानजनक नहीं रहा है। गुरबत से जूझ रहे कीनिया, जमैका व इथोपिया जैसे देशों के खिलाड़ियों ने 'ट्रैक एंड फील्ड' स्पर्धाओं में अमरीका व ब्रिटेन जैसे देशों की बादशाहत को चुनौती दे डाली है। युद्ध से जूझ रहे इजरायल व यूक्रेन जैसे देशों के खिलाड़ी भी ओलंपिक में पदक जीत रहे हैं। एक सौ पचास करोड़ की आबादी वाले भारत में खेल प्रतिभाओं की खेल क्षमता में कमी नहीं है, लेकिन ओलंपिक जैसे वैश्विक खेल पटल पर तिरंगा फहराने के लिए खिलाड़ियों को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खेल प्रतिभाओं के खेल हुनर का सामना करना पड़ता है। चैंपियन बनने के लिए अपने प्रतिद्वंद्वी से पूरी शिद्दत, जुनून व जज्बे से जूझना पड़ता है। अत- कड़ी मेहनत, उच्च दर्जे के खेल प्रशिक्षण के साथ खिलाड़ियों को मानसिक तौर पर भी मजबूत होना पड़ेगा।

शारीरिक फिटनेस के साथ प्रोत्साहन, प्रेरणा व इच्छाशक्ति बहुत मायने रखते हैं। खेल मंत्रालयों व खेल संघों पर हुक्मरानी करने वाले सियासी निजाम तथा खेल व्यवस्थाओं में सेवारत सैकड़ों अहलकारों को इस विषय पर विश्लेषण करके खेलों की बेहतरी के लिए काम करना होगा। खिलाड़ियों के चयन, प्रशिक्षण तथा पदकवीर बनाने के लिए सेना की तर्ज पर एक उचित व्यवस्था को अमल में लाना होगा। खेल प्रतिभाओं के भविष्य के लिए सेना एक बेहतर विकल्प है। बहरहाल ब्रिगेडियर दलीप सिंह व ध्यान चंद की खेल विरासत को सेना के खिलाड़ी पूरी अकीदत से आगे बढ़ा रहे हैं, मगर सवाल वही है कि क्या हॉकी की स्वर्णिम बुनियाद के पुरोधा मेजर ध्यान चंद को 'भारत रत्न' से अलंकृत किया जाएगा? हॉकी के कुशल महारथी मेजर ध्यान चंद को भारतीय सेना नमन करती है।

**-प्रताप सिंह पटियाल**

## राशिफल

**भाद्रपद कृष्ण पक्ष : दशमी** **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान का साथ।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य बहुत अच्छा। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार बहुत अच्छा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
ओजस्वी-तेजस्वी बने रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार सही है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
मन परेशान रहेगा। तन परेशान रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगा। प्रेम-संतान में दूरी। एक मध्यम समय का निर्माण हो रहा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ। व्यापार बहुत अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम, संतान अच्छा, व्यापार बहुत अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
यात्रा का योग बनेगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। भाग्य साथ देगा। स्वास्थ्य मध्यम है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। वैवाहिक स्थिति सुदृढ़ होगी। जो लोग प्यार में हैं वो विवाह की ओर जाएंगे।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
शत्रुओं पर विजय पाएंगे। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भावुकता पर काबू रखें। क्रोध पर काबू रखें। प्रेम में तूतू-मैंमैं की स्थिति। स्वास्थ्य मध्यम।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। घर में भौतिक सुख-संपदा की सामग्री उपलब्ध होगी।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने ली बैठक



**नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा ज़िला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर भाजपा सदस्यता पर्व अभियान को लेकर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने ज़िला कार्यालय पर बैठक कर कार्य योजना बनायी जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि 1 सितंबर से प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने के कार्य में लगेंगे उसके लिये सेक्टर प्रभारी बनाकर 5 से 6 बूथों पर सदस्यता अभियान को लेकर बैठक कर लक्ष्य से ज़्यादा से ज़्यादा कार्य करे। बैठक में ज़िला महामंत्री योगेश चौधरी, धर्मेन्द्र कोरी, कर्मवीर आर्य, रवि जिन्दल, सत्यपाल शर्मा, अशोक भाटी, मनीष भाटी, मानकचंद शर्मा, कपिल भाटी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्युत संविदा कर्मचारियों का नया खेल




**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-83 के बिजली घर पर तैनात संविदा कर्मचारियों ने बिजली घर के आसपास लगी दुकानों में अवैध रूप से विद्युत कनेक्शन बांट दिया। इन दुकानों से संविदा कर्मचारी हर महीने लाखों रुपए की अवैध वसूली करते हैं। इसी तरह बड़ी-बड़ी कंपनियों में भी संविदा कर्मचारी मीटर में हेरा फेरी कर उगाही का काम कर रहे हैं। विद्युत निगम के संविदा कर्मचारी इन दुकानों में अवैध रूप से बिजली के उपयोग करने की इजाजत दे रखी है। इससे जहां सरकार को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है वहीं संविदा कर्मचारी मालामाल हो रहे हैं। संविदा कर्मचारियों के इस नए खेल से जहां विवाह के आल्हा अफसर अंजान बने हुए हैं वहीं विद्युत घर पर तैनात जेई की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है।

# सीपीआई (एम) यूसुफपुर चक शाहबेरी पार्टी ब्रांच का सम्मेलन हुआ संपन्न



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की ब्रांच युसुफपुर चकशाहवेरी ग्रेटर नोएडा वेस्ट फर्स्ट एवं सेकेंड का सम्मेलन कामरेड शिव प्रसाद लंबू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें सभी साथियों ने विचार विमर्श के बाद ब्रांच फर्स्ट का सचिव का धर्मेन्द्र कुमार गौतम एवं सेकेंड ब्रांच का सचिव कामरेड उपेन्द्र प्रसाद गुप्ता को चुना गया। साथ ही प्रस्ताव पारित हुआ कि हिंडन नदी किनारे बसी कॉलोनियों को कहा तक सरकार नये पुस्ता बांधने का कार्य करेगी और जन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी या नहीं साथ ही साप्ताहिक बाजार में दबंगों द्वारा बाजार में अवैध उगाई करने के प्रयासों से कैसे लड़ा जाएगा। उक्त रणनीति तय की गई।

पार्टी जिला सम्मेलन में सभी सभी साथियों की उपस्थिति अनिवार्य हो के साथ सम्मेलन का समापन सीपीआईएम गौतमबुध नगर कमेटी के नेता कामरेड नरेन्द्र पान्डे द्वारा किया गया।

# महिषासुर मंदिर में धूमधाम से मनाया गया लड्डू गोपाल का जन्मदिन



**नोएडा (चेतना मंच)।** श्रीश्री महिषासुर मर्दिनी दुर्गा मंदिर सेक्टर-8 नोएडा में कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। कान्हा के जन्मदिन के अवसर पर लोग एक-दूसरे को बधाइयां दे रहे थे और मंगल गीत भजन गा रहे थे। इसमें महिलाएं बच्चे बुजुर्ग सभी ने बड़े ही उल्लाह के साथ लड्डू गोपाल का जन्मदिन मनाया। रात के 12 बजते ही मंदिर में घंटा, घड़ियाल, मजीरे बज उठे। चारों ओर भगवान श्री कृष्ण के जन्म का उल्लास छा गया। घरों से लेकर मंदिरों में हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की...... गुज सुनाई देने लगी।

इस अवसर पर भोला सिंह (अध्यक्ष) श्री श्री महिषासुर मर्दिनी दुर्गा मंदिर, पुजारी दीपक पांडे, कालू बंजारा, पवन, पंकज राठौर, रजत, सुबोध, रंजीत मिश्रा, सूरज, गंगा कांत झा, आलोक झा, नीतीश झा, मोनू तिवारी, अतुल राय, एस कुमार, अमन कुमार, राजेश झा, ललन आदि लोगों उपस्थित रहे।

# यूपी में 8 रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने पर भड़के अखिलेश यादव

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में नाम बदले जाने का सिलसिला एक बार फिर चर्चाओं का केंद्र बन चूका है। जिसके तहत अब योगी सरकार ने आठ रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने का फैसला किया है। सरकार के इस फैसले के सामने आते ही विपक्ष सीएम योगी पर हमलावर हो गया है। मंगलवार यानी 27 अगस्त को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस पूरे मामले पर योगी सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भाजपा सरकार रेलवे स्टेशनों के सिर्फ नाम नहीं, हालात भी बदलें।

दरअसल, सपा प्रमुख ने ऐसा बोल कर योगी सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, भाजपा सरकार से आग्रह है कि रेलवे स्टेशनों के सिर्फ़ 'नाम' नहीं, हालात भी बदलें। ज और जब नाम बदलने से फ़ुरसत मिल जाएं तो रिकार्ड कायम करते रेल-एक्सीडेंट्स के हादसों के रोकथाम के लिए भी कुछ समय निकालकर विचार करें।



बता दें, यूपी में योगी सरकार के तरफ से स्टेशनों के नाम बदलकर उन्हें जिले की धार्मिक पहचान और महापुरुषों के तर्ज पर रखा है। बदले गए नामों वाले स्टेशनों में जायस स्टेशन का नाम बदलकर गुरु गोरखनाथ धाम, अकबरगंज स्टेशन का नाम नाम बदलकर अब मां अहोरवा भवानी धाम, फुरसतगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर तपेश्वर धाम, वारिसगंज हाल्ट स्टेशन का नाम नाम बदलकर अमर शहीद भाले सुल्तान, निहालगढ़ स्टेशन का नाम बदलकर अब महाराजा बिजली पासी स्टेशन, बनी रेलवे स्टेशन का नाम स्वामी परमहंस स्टेशन, मिसरौली स्टेशन का नाम बदलकर मां कालिकान धाम किया और कासिमपुर हाल्ट स्टेशन का नाम बदलकर जायस सिटी कर दिया गया है।

अमेठी जिले के इन रेलवे स्टेशनों का नाम बदलने के पीछे पूर्व केंद्रीय मंत्री और अमेठी से सांसद रहीं स्मृति ईरानी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है। दरअसल, स्मृति ईरानी ने ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेज कर इसका अनुरोध किया था। जिसके बाद इन आठों रेलवे स्टेशनों का नाम यहां के स्थानीय पौराणिक स्थलों एवं महापुरुषों के नाम पर रखे जाने की पहल उत्तर रेलवे के तरफ से की गई थी।

## पृष्ठ एक के शेष....

**वैगनार कार लूटने...**

कामयाब हो गये। घायल अभियुक ने अपना नाम निकेश पुत्र रामनिवास नि0 नांगल थाना छपरौली जनपद बागपत बताया। घायल बदमाश से 1 तमंचा 315 बोर व 1 जिंदा कारतूस व 3 खोका कारतूस व लूटी गई वैगनार कार बरामद हुई।

**एमएसपी गारंटी कानून...**

इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून देश में लागू होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को पत्र लिखकर एमएसपी गारंटी कानून बनाने की मांग की थी। अब नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं इसलिए एमएसपी गारंटी कानून बनाया जाना चाहिए। इसकी मांग पिछले काफी समय से किसान संगठन कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 21 अगस्त को संगठन से जुड़े नेताओं की बैठक हुई थी जिसमें तय किया गया था कि एमएसपी गारंटी कानून लागू कराने की मांग को लेकर सभी जिलों व तहसीलों में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने मांग की कि संसद के अगले सत्र में एमएसपी गारंटी कानून का प्रस्ताव पास किया जाए।

प्रदर्शन के दौरान यूनियन की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सिवान, नोएडा महानगर के अध्यक्ष योगेश वैष्णव, जिला अध्यक्ष रामवीर भाटी सहित भारी संख्या में यूनियन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**ग्रेटर नोएडा में दो...**

किसान संगठन से जुड़े दो युवकों ने आत्मदाह का प्रयास किया। दोनों ने अपने ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। वहां पहुंची पुलिस ने उन्हें ऐसा करने से रोका। इनके खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) अशोक कुमार सिंह ने बताया कि थाना बीटा- दो क्षेत्र के अंतर्गत कासना पुलिया के पास ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर का निर्माण करवाया जा रहा है। निर्माण कार्य को रुकवाने के लिए अक्षित शर्मा निवासी मिल्क लक्ष्मी व हिमांशु वशिष्ट निवासी ककोड जिला बुलंदशहर अपने कुछ साथियों सहित वहां पर पहुंचे। इन लोगो द्वारा वहां पर पहुंच कर काम को रुकवाने का प्रयास किया गया। इन लोगों ने प्राधिकरण के कर्मचारियों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति संभालने के बजाये तनावपूर्ण हो गयी। इस दौरान दोनों युवकों ने अपने ऊपर मिट्टी का तेल छिड़क लिया। मौके पर मौजूद पुलिस और प्राधिकरण के कर्मचारियों ने दोनों युवकों को आत्मदाह के प्रयास से रोक लिया।

ग्रेटर नोएडा एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि आत्मदाह का प्रयास करने वाले दोनों युवक साजिश के तहत इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए है। न तो उक्त स्थान पर उनकी कोई जमीन है और न ही दोनों आसपास की किसी सोसायटी में रहते हैं। प्रदर्शन करने वालों से ज्ञापन ले लिया गया है।

**पीजी की आड़ में...**

उनके परिवार वालों को सौंप दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना साहिबाबाद क्षेत्र राजेन्द्रनगर में खेतान पब्लिक स्कूल के पास एक पीजी सेंटर किराए पर दिया हुआ था। आरोप है कि इस पीजी सेंटर की आड़ में एक महिला देह व्यापार का अवैध अड्डा चला रही थी। इस संबंध में लोगों की शिकायत के बाद पुलिस ने छापा मारा और वहां से चार महिलाएं और एक दलाल सहित चार पुरुषों को गिरफ्तार किए गए। देह व्यापार का अड्डा चला रही महिला का गीता बताया जाता है।

इस पर काम कर रही चारों महिलाओं को काउंसलिंग के बाद उनके परिवार वालों को सौंप दिया गया है। इन महिलाओं का आरोप था कि उन्हें ब्लैकमेल करके अनैतिक धंधे में धकेल हुआ था।

**पोस्टमार्टम हाउस कांड...**

ऐसे में वीडियो किसने बनाया इस बारे में पता नहीं चल सका। इसकी जांच पुलिस अलग से कर रही है।

उधर पोस्टमार्टम हाउस में तैनात सभी कर्मचारियों की चेतावनी पत्र जारी किए गए हैं, ताकि सभी समय पर ड्यूटी के लिए पहुंचे। बाहरी व्यक्ति के आने- जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसकी लाइव फुटेज सीधे सीएमओ कार्यालय में देखी जा सकेगी। पूरे पोस्टमार्टम हाउस को इससे कवर किया जाएगा। अधिकारी अपने मोबाइल फोन से भी लाइव फुटेज देख सकेंगे। रिपोर्ट में नोएडा प्राधिकरण की ओर से दो अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड भी पोस्टमार्टम हाउस में तैनात करने की मांग की गई है। इससे पोस्टमार्टम हाउस की 24 घंटे निगरानी हो सकेगी।

**क्रैश बैरियर के अंदर...**

जूनियर इंजीनियर के दो बेटे और बरौला निवासी उनके दोस्त की मौत सड़क हादसे में हो गई थी। एक्सप्रेसवे पर चल रही तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सड़क से उतरी और क्रैश बैरियर से पहले लगे आईटीएमएस के पोल के कंक्रीट स्ट्रक्चर से टकराई। यहां पर दो खंभे लगाकर उनके बीच निगरानी के लिए प्राधिकरण की एजेंसी ने कैमरे और पावर बैकअप के लिए सोलर सिस्टम लगवाया है। इस स्ट्रक्चर का एक पोल जो डिवाइडर की तरफ है वह क्रैश बैरियर के बाहर है।

**दादरी के विधायक...**

2 विधायक व 2 जिला पंचायत अध्यक्षों को स्थान दिया गया है। जिसमे बड़ी बात यह है कि दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर के नाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं भरोसा जताते हुए स्थान दिया है।

इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पीडब्ल्यूडी राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के प्रति अपना हृदय से आभार व्यक्त किया है। दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर ने कहा कि मैं इस सम्मान और जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री का विशेष धन्यवाद करता हूँ। उत्तर प्रदेश के विकास में सड़क संरचना की महत्वपूर्ण भूमिका है, और इस दिशा में समिति के सदस्य के रूप में मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करूंगा। समिति में दादरी विधायक की नियुक्ति से उत्तर प्रदेश में सड़क निर्माण और प्रबंधन के कार्यों में और भी प्रगति की उम्मीद की जा रही है। दादरी विधायक नागर ने यह भी कहा कि वे राज्य के विकास के लिए अपने अनुभव और ज्ञान का पूरा उपयोग करेंगे और उत्तर प्रदेश की जनता के लिए अधिक सुगम और सुरक्षित सड़क नेटवर्क के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की बढ़ाई सुरक्षा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की सुरक्षा के स्तर को काफी बढ़ा दिया गया है। उनकी सुरक्षा कैटेगरी के जेड प्ल से बढ़ाकर एडवांस सिक्योरिटी लाइजन (एएसएल) कर दिया गया है। उनकी सुरक्षा व्यवस्था अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जैसी की जाएगी। इसको लेकर हाल ही में गृह मंत्रालय के द्वारा समीक्षा की गई थ, जिसमें पाया गया कि गैर भाजपा दलों के द्वारा शासित राज्यों में ढिलाई बरती गई है। इसके बाद यह फैसला लिया गया है।

सूत्रों के मुताबिक उनकी सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत जेड प्लस सुरक्षा कवर को बढ़ाकर एडवांस सिक्योरिटी लाइजन कर दिया गया है। यानी जिस लोकेशन पर किसी कार्यक्रम हेतु वो जायेंगे वहां एडवांस में ही एक टीम मौके का निरक्षण करने जाएगी, उसके बाद ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद ही उन्हें मौके पर जाने की इजाजत प्रदान की जाएगी।



दरअसल आरएसएस प्रमुख को कट्टरपंथी इस्लामी संगठनों सहित कई संगठनों के निशाने पर माना जाता है। उनकी लगातार बढ़ती हुई धमकी और विभिन्न एजेंसियों से मिली जानकारी के बाद गृह मंत्रालय ने मोहन भागवत को एएसएल सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति के रूप में घोषित किया है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आधिकारिक तौर पर अपग्रेड के बारे में सूचित कर दिया गया है।

### विशेष डिजाइन किए गए हेलीकॉप्टरों में करेंगे सफर

वही बता दें कि एएसएल के तहत सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति की सुरक्षा से संबंधित जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य और अन्य विभागों जैसी स्थानीय एजेंसियों की भागीदारी अनिवार्य है। सूत्रों ने बताया कि इसमें बहुस्तरीय सुरक्षा घेरे शामिल है। हेलीकॉप्टर यात्रा की अनुमति केवल विशेष रूप से डिजाइन किए गए हेलीकॉप्टरों में दी जाएगी।


**कार्यालय नगर पालिका पारषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर)**

पत्रांक 1267 / न.पा.परि.दा./क.वि./2024-25 दिनांक : 20/8/24

-: सार्वजनिक सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, दादरी के गृहकर पंजिका में उ.प्र. नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 147 के अन्तर्गत नाम परिवर्तन करने के अधिकार के अन्तर्गत आवासीय भवन सं.-650, वार्ड सं.-08, तुलसी विहार कालोनी, रेलवे रोड़ दादरी, कस्वा दादरी, परगना व तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर जो अब तक श्री सुनील कुमार पुत्र श्री बिशम्बर सिंह निवासी- ग्राम बम्बावड परगना व तहसील दादरी जिला-गौतमबुद्धनगर के नाम नगर पालिका परिषद, दादरी के सम्पत्ति कर अभिलेखों में अंकित है। उक्त भवन को श्री विनोद कुमार भाटी पुत्र स्व. रोहताश भाटी, निवासी-मकान नं.-122, ग्राम बढ़पुरा परगना व तहसील दादरी जिला-गौतमबुद्धनगर द्वारा एक प्रार्थना दिनांक 30.04.2024, शपथ पत्र, रजिस्ट्री (बैनामे) की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है, जिसके आधार पर इन्होंने आवासीय भवन सं.-650, वार्ड सं.-08, तुलसी विहार कालोनी, रेलवे रोड़ दादरी, कस्बा दादरी, परगना व तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर को अपने नाम परिवर्तित किये जाने हेतु अनुरोध किया है। उक्त सम्पत्ति को श्री विनोद कुमार भाटी पुत्र स्व. रोहताश भाटी, निवासी-मकान नं.-122, ग्राम बढ़पुरा परगना व तहसील दादरी जिला-गौतमबुद्धनगर के नाम नगर पालिका परिषद दादरी के गृहकर पंजिका में दर्ज की जानी है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करा दे, समयावधि पूर्ण होने पर नामातरण की कार्यवाही निर्विवाद मानते हुए कर दी जायेगी।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद दादरी जनपद (गौतमबुद्धनगर)

**उत्तर मध्य रेलवे**

**गैर हाजिरी सूचना**

**श्री सरफराज पुत्र श्री शकील अहमद स्थाई निवासी मकान नं. 841 सेखन अछनेरा अरूआ, तहसील-किरावली, जिला-आगरा** जो कि **इंजीनियरिंग विभाग में ट्रैकमेंटेनर-IV** के पद पर **वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ) बृजनगर** के अधीन पदस्थ है। **श्री सरफराज पुत्र श्री शकील अहमद दिनांकः 20.01.2024 से 22.08.2024** तक निरंतर रेलवे ड्यूटी से बिना किसी पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे हैं। अतः आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही लम्बित है, इस सम्बन्ध में अपना पक्ष रखने के लिये प्रकाशन की तिथि से **15 दिन** के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित हों अन्यथा एक पक्षीय निर्णय लिया जायेगा।

1518/24 FA — सहायक मण्डल इंजी. (II) उ.म.रे., मथुरा

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in






**नौएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा-201301, उ.प्र.
वैबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शाई गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्ध में समस्त विवरण व शर्ते नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाइट www.noidaauthorityonline.in एवं https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

बी) पुनः निविदा कार्यः-

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 16/उ0महा0प्र0(एन0टी0सी0)/वरि0प्र0/उ0महा0प्र0(वि0/यॉ0)/2023-24 | विभिन्न स्थानों पर बिजली की आपूर्ति सीसीटीवी कार्य नोएडा | 25.07 |
| 2 | 02/उ0महा0प्र0(एन0टी0सी0)/वरि0प्र0/उ0महा0प्र0(वि0/यॉ0)/2024-25 | महामाया फ्लाईओवर, सेक्टर-94, नोएडा के पास कमांड कंट्रोल सेंटर बिल्डिंग के लिए 02 डीजी सेट और पैनल की एएमसी और सर्विसिंग। | 10.12 |

उपरोक्त निविदाओं को दिनांक 03.09.2024 सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 04.09.2024 को 11.00 बजे खोली जायेगी।

उप महाप्रबन्धक
(एन0टी0सी0) नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुरेश वती पत्नी श्री महिपाल आकिलपुर जागीर, ग्राम-आकिलपुर जागीर, गौतमबुद्धनगर, बंबावड़ (उत्तर प्रदेश) मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुरेश वती (Suresh Wati) दर्ज है। मेरी पॉलिसी में गलती से मेरा नाम ( PNB multilife India insurance company limited) सुरेश देवी (Suresh Devi) हो गया है। सुरेश वती व सुरेश देवी दोनों मेरे ही नाम है। जिसे सुधार कर सुरेश देवी की जगह सुरेश वती किया जाए और भविष्य में मुझे किसी भी काम के लिए सुरेश वती (Suresh Wati) के नाम से जाना जाए ।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी



Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### दिल्ली सुपरस्टार्स ने बनाया रिकार्ड

**नई दिल्ली ।** प्रियांश आर्य के शतक से साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में अब तक का सबसे बड़े स्कोर का रिकार्ड बनाया है। प्रियांश ने पुरानी दिल्ली 6 के खिलाफ खेलते हुए रिकार्ड अपने नाम किया है। प्रयांश की इस पारी से साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने इस मुकाबले में निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट पर 235 रन बना दिये। डीपीएल में ये अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। दिल्ली सुपरस्टार्स से इससे पहले 228 रन का सबसे बड़ा स्कोर बनाया था। प्रियांश ने इस मैच में नाबाद 107 रन बनाये। उन्होंने ये रन 55 गेंद में 9 चौके और 7 छक्के लगाकर बनाये। इस मैच में दिल्ली सुपरस्टार्स के कप्तान आयुष बदोनी ने 20 गेंद पर 56 रन बटोरे। सलामी बल्लेबाज सार्थक रे ने भी 37 गेंद पर 49 रन बनाये।

### बेयरस्टो, मोईन इंग्लैंड की टीम से बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए जॉनी बेयरस्टो, मोइन अली और क्रिस जॉर्डन को अपनी व्हाइट-बॉल टीम से बाहर कर दिया है। ये तीनों हाल ही में टी20 विश्व कप में सेटअप का हिस्सा थे, जहां इंग्लैंड सेमीफाइनल में भारत से हार गया था। इनके बाहर होने से टी20क टीम में पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों जॉर्डन कॉक्स, जैकब बेथेल, डैन मूसली, जोश हल और जॉन टर्नर को जगह मिली है, इन सभी ने घरेलू सर्किट में विभिन्न स्तरों पर प्रभावित किया है।
इंग्लैंड के नियमित व्हाइट-बॉल कप्तान जोस बटलर और प्रीमियर पेसर जोफ्रा आर्चर भी एक्शन में वापस आएंगे। बटलर कॉल्फ की चोट से पूरी तरह से उबर चुके हैं, जिसके कारण वे द हंड्रेड के पूरे सत्र से बाहर रहे, जबकि आर्चर, जिनके कार्यभार पर सदर्न ब्रेव के लिए नजर रखी गई थी, मार्च 2023 के बाद से अपना पहला वनडे खेलने के लिए तैयार हैं। कॉक्स का चयन सबसे ज्यादा पूर्वानुमानित था, क्योंकि विकेटकीपर बल्लेबाज की गतिशीलता शीर्ष क्रम में है।

### टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम घोषित

**लंदन ।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने से शुरू होने वाली एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए अपनी टीमें घोषित कर दी हैं। इंग्लैंड की टीम इस घरेलू सीरीज में 3 मैचों की टी20 सीरीज के अलावा पांच मैचों की एकदिवसीय सीरीज भी खेलेगी। ईसीबी की इस टीम में टी20 के लिए 5 अनकैप्ड खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इसमें एसेक्स के बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स, वारविकशायर के जैकब बेथेल और डैन मूसली के अलावा लीसेस्टरशायर के तेज गेंदबाज जोश हल और हैम्पशायर के तेज गेंदबाज जॉन टर्नर भी शामिल हैं। वहीं एकदिवसीय के लिए गस एटकिंसन, हैरी ब्रूक, मैथ्यू पॉट्स, जेमी स्मिथ और जोश हल को टीम में जगह मिली है। इन मुकाबलों के लिए अनुभवी जॉनी बेयरस्टो, मोईन अली और क्रिस जॉर्डन को जगह नहीं मिली है जबकि ये तीनों ही खिलाड़ी टी20 विश्व कप टीम में भी शामिल थे।

### स्वेन-गोरान एरिक्सन का निधन

**स्टॉकहोम।** स्वीडिश फुटबॉल मैनेजर स्वेन-गोरान एरिक्सन, जिन्होंने 2001 से 2006 तक इंग्लैंड को कोचिंग दी थी, का सोमवार को 76 वर्ष की आयु में अग्नाशय के कैंसर से निधन हो गया। जनवरी में, एरिक्सन ने खुलासा किया कि वह घातक कैंसर से पीड़ित हैं और उनके पास जीने के लिए अधिक से अधिक एक साल है। एरिक्सन ने 2001 में इतिहास रचा था जब उन्होंने केविन कीगन की जगह ली और इंग्लैंड टीम की कमान संभालने वाले पहले विदेशी कोच बने और उन्होंने 2002 और 2006 में दो विश्व कप फाइनल चरणों में टीम का नेतृत्व किया, जिसमें सितंबर 2001 में जर्मनी के खिलाफ 5-1 की ऐतिहासिक जीत शामिल थी, जिससे वह बहुत लोकप्रिय व्यक्ति बन गए। फुटबॉल जगत ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आईसीसी ने महिला टी20 विश्वकप का नया कार्यक्रम जारी किया, 3 अक्टूबर से होगा शुरू

# 6 अक्टूबर को होगा भारत-पाक मुकाबला

एजेंसी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अक्टूबर में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले महिला टी20 विश्वकप के लिए नया कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोजन स्थल में आये बदलाव के चलते ही कार्यक्रम में ये बदलाव आया है। नये कार्यक्रम के अनुसार विश्व कप 3 अक्टूबर को बांग्लादेश और स्कॉटलैंड मैच से शुरू होगा। वहीं भारतीय टीम का पहला मुकाबला 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से दुबई में होगा। वहीं भारत और पाकिस्तान का अहम मुकाबल 6 अक्टूबर को दुबई में होगा। . सेमीफाइनल और फाइनल मैचों दोनों के लिए रिजर्व डे रखा गया है। इस टूनार्मेंट की शुरूआत 28 सितंबर से एक अक्टूबर तक होने वाले 10 अभ्यास मैचों से होगी।



पहले ये विश्वकप बांग्लादेश में होना था पर खराब राजनीतिक हालातों और हिंसा को देखते हुए इसे यूएई में आयोजित किया जा रहा है हालांकि मेजबान बांग्लादेश बोर्ड ही रहेगा। इसमें पहले की तरह ही दो ग्रुप रहेंगे। ग्रुप ए में गत चैंपियन आस्ट्रेलिया,भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। वहीं ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड शामिल हैं। इसमें सभी टीमें हर टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी। हर ग्रुप से दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल मुकाबले 17 और 18 अक्टूबर को होंगे। इसके बाद 20 अक्टूबर को दुबई में फाइनल खेला जाएगा।

#### हरमनप्रीत की कप्तानी में उतरेगी भारतीय महिला टीम

मुम्बई । हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम 3 से 20 अक्टूबर के बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले टी20 महिला विश्वकप क्रिकेट टूनार्मेंट में उतरेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस टूनार्मेंट के लिए अपनी जो 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। उसमें जेमिमा रोड्रिग्स, स्मृति मंधाना , शेफाली वर्मा , जैसी खिलाड़ी शामिल है। विकेटकीपर बल्लेबाज यस्तिका भाटिया और श्रेयंका पाटिल को चोटिल होने के बाद भी इस टीम में शामिल किया गया है। टीम में तीन रिजर्व खिलाड़ी शामिल किये गये हैं। इसमें उमा छेत्री (विकेटकीपर) के अलावा तनुजा कंवेर, साइमा ठाकोर आदि हैं।
भारतीय टीम को इस टूनार्मेंट में मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। टीम इस प्रकार है। हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, दयालन हेमलता, आशा सोभना , राधा यादव, श्रेयंका पाटिल और सजना सजीवन।

## आईएसएल ने घोषित किया कार्यक्रम 13 सितंबर से शुरू होंगे मुकाबले

एजेंसी

**मुंबई ।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने 2024-25 सत्र के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया है। ये फुटबॉल टूनार्मेंट 2024-25 सत्र अगले माह 13 सितंबर को शुरू होगा। इसका पहला मुकाबला मोहन बागान और मुंबई सिटी एफसी के बीच होगा। इन दोनो ही टीमों के बीच पिछले सत्र में भी खिताबी मुकाबला हुआ था। आईएसएल के अनुसार इस नये सत्र में 84 मुकाबले होंगे।शुरूआती सप्ताहांत में 14 सितंबर को सत्र में पहली बार एक दिन में दो मुकाबले खेलें जाएंगे। इस दौरान चेन्नईयिन एफसी की ओडिशा एफसी के बीच एक मैच जबकि बेंगलुरू एफसी और ईस्ट बंगाल एफसी के बीच दूसरा मुकाबला होगा। वहीं दूसरे दिन केरल ब्लास्टर्स एफसी की टीम पंजाब एफसी का सामना करेगी। हैदराबाद एफसी की टीम अपना



पहला मैच बेंगलुरू एफसी के खिलाफ खेलेगी। आईएसएल के इस सत्र में 13 टीम हिस्सा लेंगी। इसमें आईलीग चैंपियन मोहम्मडन स्पोर्टिंग भी रहेगी। स्पोर्टिंग अपना पहला मुकाबला 16 सितंबर को नॉर्थईस्ट यूनाईटेड एफसी से खेलेगी। स्पोर्टिंग के आने से अब बंगाल की तीन टीमें इस टूनार्मेंट में खिताब जीतने का प्रयास करेंगी। इसमें मोहन बागान और ईस्ट पहले से ही खेलती रही हैं। इसमें मोहन बागान और मोहम्मडन स्पोर्टिंग के बीच पांच अक्टूबर को मुकाबला होगा जबकि ईस्ट बंगाल और मोहन बागान की टीमें 19 अक्टूबर को आमने-सामने होंगी।

## धवन के करियर में दो पूर्व क्रिकेटरों की अहम भूमिका रही

एजेंसी

**मुंबई ।** पिछले सप्ता अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले सलामी बल्लेबाज शिखर धवन के नाम कई रिकार्ड हैं। विशेषकर चैम्पियंस ट्रॉफी में वह बेहद सफल रहे हैं। उनके करियार में मुम्बई के दो पूर्व क्रिकेटरों दिलीप वेंगसरकर और संदीप पाटिल की अहम भूमिका रही थी। वेंगसरकर और पाटिल ने ही मुख्य चयनकर्ता रहते हुए धवन को टीम में जगह दी थी। इन दोनो ही चयनकताओं को युवा प्रतिभा की पहचान करने और सही समय पर शामिल करने के लिए लिए जाना जाता है। मार्च 2013 की शुरूआत में पाटिल के कहने पर ही धवन को मोहाली में ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए भारत की टीम में जगह मिली थी।



तब वीरेंद्र सहवाग खराब दौर से गुजर रहे थे, जिसके बाद चयनकताओं ने उनकी जगह पर धवन को अवसर दिया और उन्होंने इस अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए 174 गेंदों पर 187 रन की शानदार पारी खेलकर अपनी छाप छोड़ी, धवन ने 85 गेंदों में ही शतक लगाया था। धवन ने तब डेब्यू पर सबसे तेज शतक का रिकार्ड अपने नाम किया था। उनको अवसर देने वाले पाटिल का कहना है कि धवन भारत ए के दक्षिण अफ्रीकी दौरे से एक दोहरा शतक और एक शतक बनाने के बाद वापस लौटे थे पर इसके बाद भी अन्य चयनकर्ता सहवाग की जगह उनके चयन के पक्ष में नहीं थे पर धवन ने पहले ही मैच में शतक लगाकर अपने चयन को सही साबित कर दिया। इससे सभी का पता चल गया कि उनके चयन का मेरा फैसला सही था। धवन सबसे पहले 2004 में ढाका में अंडर-19 विश्व कप के दौरान नजरों में आये थे। तब उन्होंन टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा रन बनाये थे। उस समय भी उनका चयन वेंगसरकर के कहने पर ही हुआ था।

## आरसीबी अब बदलावों के साथ उतरेगी

एजेंसी

**मुम्बई ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम बड़े बदलावों के साथ उतर सकती है। इस प्रकार की अटकलें हैं कि आरसीबी से तीन बड़े विदेशी खिलाड़ियों को बाहर किया जा सकता है। ये तीन खिलाड़ी हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसिस, ऑलरांउडर कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल। इन तीनो का प्रदर्शन पिछले सत्र में अच्छा नहीं रहा था। आईपीएल 2025 सत्र के लिए इस साल के अंत में नीलामी होगी। आरसीबी आज तक खिताब नहीं जीत पायी है। ऐसे में अब उसका लक्ष्य नये खिलाड़ियों को





शामिल करना रहेगा। मैक्सवेल को पिछले सत्र में 12.25 करोड़ रुपये में खरीदा गया था पर उन्होंने पूरे सत्र में केवल 52 रन ही बनाए थे। वहीं गेंदबाजी के दौरान केवल 6 विकेट लिए। वह अंतिम ग्यारह मे अपनी जगह बरकरार नहीं रख पाये।
टीम इस बार मेगा नीलामी से पहले डुप्लेसिस को भी बार कर सकती है। आरसीबी ने फाफ डुप्लेसिस को आईपीएल मेगा नीलामी में 7 करोड़ रुपये में शामिल किया था। उन्होंने पिछले सत्र में टीम की कप्तानी की थी। डुप्लेसिस अब 40 की उम्र के करीब पहुंच गये हैं और ऐसे में उनकी जगह भविष्य को देखते हुए किसी युवा को कप्तानी मिल सकती है।
कैमरन ग्रीन को आरसीबी ने मुंबई इंडियंस से 17.5 करोड़ रुपये में आईपीएल 2024 के लिए शामिल किया किया था पर वह उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। वह 31 की औसत से 255 रन ही बना पाये बनाए। गेंदबाजी के दौरान भी वह केवल 10 विकेट ही ले पाये जबकि टीम को उनसे कहीं बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें थीं।

## बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के लिए अभ्यास करते नजर आये रोहित

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा आजकल बांग्लादेश के खिलाफ अगले माह होने वाली क्रिकेट सीरीज के लिए अभ्यास में लगे हैं। अगले महीने से इस सीरीज की शुरूआत होनी है और यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होने के कारण अहम मानी जा रही है। इसी को देखते फिटनेस बनाये रखने रोहित मैदान के बाहर दौड़ लगाते हुए नजर आ रहे हैं।
रोहित का लक्ष्य इस बार टीम को खिताबी जीत दिलाना रहेगा क्योंकि टीम अभी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर है। भारतीय टीम को बांग्लादेश के बाद न्यूजीलैंड से भी खेलना है। रोहित का गत दिनों एक वीडियो भी आया था। इसमें वह भारतीय टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर के



साथ अभ्यास के लिए जाते दिख रहे थे। अब एक और वीडियो सामने आया है। इसमें वह मैदान के बाहर दौड़ लगाते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रशंसक जमकर साझा कर रहे हैं। वहीं कुछ लोग इसका वीडियो बनाते भी दिख रहे है। अगले माह 19 सितंबर से भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मैच चेन्नई में खेला जाएगा। वहीं दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम को 16 अक्टूबर से न्यूजीलैंड के साथ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है।

## पाक और बांग्लादेश टीम पर लगा जुर्माना

**दुबई ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच हुए पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति के लिए दोनो ही टीमों पर जुमार्ना लगाया है। इससे दोनो ही टीमों को अंकों का नुकसान हुआ है। ऐसे में इनके लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की राह और कठिन हो गयी है। मैच रेफरी रंजन मदुगले ने ये प्रतिबंध इसलिए लगाया है क्योंकि पाकिस्तान ने लक्ष्य से छह ओवर कम फेंके और इस प्रकार उसे छह डब्ल्यूटीसी अंक का नुकसान हुआ है। वहीं जीत हासिल करने वाली बांग्लादेश भी तय समय में निर्धारित ओवर पूरे नहीं कर पायी। इस प्रकार उसके तीन तीन डब्ल्यूटीसी अंक काटे गए हैं। ऐसे में आईसीसी के तीन अंक काटने की कार्रवाई के बाद अब बांग्लादेश की टीम सातवें स्थान पर खिसक गयी है।

## यूएस ओपनः पहले दौर में हारकर बाहर हुए सुमित नागल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पुरुष एकल वर्ग में भारत के सर्वोच्च वरीयता प्राप्त पुरुष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल मंगलवार को नीदरलैंड के टैलोन ग्रीक्सपूर से हारकर यूएस ओपन से बाहर हो गए हैं। नागल को अपने से कहीं बेहतर रैंकिंग वाले एथलीट के खिलाफ सीधे सेटों में 6-1, 6-3, 7-6 से हार का सामना करना पड़ा।
पहले सेट में डच खिलाड़ी ने पूरी तरह दबदबा बनाया और नागल की सर्विस कई बार तोड़ी और 6-1 से जीत दर्ज की। दुनिया में 40वें नंबर के ग्रिक्सपूर किसी भी तरह से एक्सीलेटर से अपना पैर हटाने के मूड में नहीं थे और उन्होंने भारतीय खिलाड़ी को बैकफुट पर ही रखा। दूसरे सेट में नागल ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन





ग्रिक्सपूर को रोकने के लिए यह काफी नहीं था और नागल दूसरा सेट भी 6-3 से हार गए। जल्दी बाहर होने की आशंका के चलते नागल ने तीसरे सेट में अपना स्तर बढ़ाया और सात अंकों के टाई-ब्रेकर में दो सेट प्वाइंट हासिल किया और मुकाबले में बने रहे। हालांकि, डच खिलाड़ी ने अंतर कम करने के लिए एक बेहतरीन ऐस लगाया और फिर जीत दर्ज की।
2019 और 2020 में अपने पिछले दो मुकाबलों के बाद यह नागल का यूएस ओपन के मुख्य ड्रॉ में तीसरा प्रवेश था। 27 वर्षीय खिलाड़ी के लिए अब तक का सीजन बहुत खराब रहा है। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए और फ्रेंच ओपन और विंबलडन चैंपियनशिप में पहले दौर से ही बाहर हो गए हैं।
नागल को पेरिस ओलंपिक में भी निराशा का सामना करना पड़ा था, जब उन्हें फ्रांसीसी खिलाड़ी कोरेंटिन मौटेट के हाथों हार के बाद पहले ही दौर से बाहर होना पड़ा था।
इस बीच, अमेरिकी ओपन में भारत की उम्मीदें अभी भी जीवित हैं क्योंकि रोहन बोपन्ना, युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी को अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ पुरुष युगल वर्ग में अपने अभियान की शुरूआत करनी है।

## बिग बैश टीम एडिलेड स्ट्राइकर्स ने मंधाना को किया शामिल

एजेंसी

**एडिलेड ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी खिलाड़ी स्मृति मंधाना अब ऑस्ट्रेलियाई घरेलू क्रिकेट लीग (बिग बैश) में एडिलेड स्ट्राइकर्स की ओर से खेलती नजर आयेंगी। बिग बैश टीम स्ट्राइकर्स ने मंधाना को प्री-ड्राफ्ट में शामिल किये जाने की घोषणा की है। मंधाना को प्री ड्राफ्ट साइनिंग के तहत स्ट्राइकर्स ने शामिल किया है। इससे पहले इस भारतीय बल्लेबाज ने ब्रिस्बेन हीट, होबार्ट हरिकेंस और सिडनी थंडर की ओर से खेला था। साल 2021 में सिडनी थंडर की ओर से खेलते हुए उन्होंने मेलबर्न रेनेगेड्स के



खिलाफ 64 गेंदों पर नाबाद 114 रन बनाये थे। ये इस टूनार्मेंट के इतिहास में संयुक्त तौर पर दूसरा सबसे अधिक स्कोर है।
मंधाना ने कहा, मैं हमेशा ऑस्ट्रेलिया में खेलने का इंतजार करती रही हूं। स्ट्राइकर्स की ओर से भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहूंगी। स्ट्राइकर्स की टीम काफी समय से मंधाना को शामिल करना चाहती थी पर पिछले सत्र में मंधाना ने काम का बोझ बढ़ने के कारण इस लीग के लिए अपने नाम नहीं दिया था। टीम की कोच ल्यूक विलियम्स ने कहा, मंधाना एक असाधारण प्रतिभा हैं और हम स्ट्राइकर्स में उनका स्वागत करते हैं। उनकी तकनीकी क्षमता, अनुभव और रणनीति हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण रहेगा। टीम के लिए मैदान पर वह जैसा समर्पण और ऊर्जा लाती है, उसे में जानती हूं। उनकी योग्यता और नेतृत्व क्षमता अगले सीजन में हमारे लिए काफी काम आएगी।

## पाक क्रिकेट को ठीक करने बदलाव करेंगे : नकवी

एजेंसी

**लाहौर ।** बांग्लादेश के खिलाफ पहले ही क्रिकेट टेस्ट मैच में मिली 10 विकेट की करारी हार के बाद से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) आलोचकों के निशाने पर है। पाक को अपनी घरेलू धरती पर पहली बार बांग्लादेश से हार मिली है। इसी को देखते हुए पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने संकेत दिये हैं कि आने वाले समय में कई बदलाव हो सकते हैं। नकवी ने कहा कि पाक क्रिकेट को ठीक करने बदलाव जरुरी हैं।
नकवी ने कहा, मैं पाक क्रिकेट में जारी परेशानियों को ठीक करूंगा वहीं पूर्व क्रिकेटरों का कहना है कि टी20 विश्वकप में खराब प्रदर्शन के बाद बदलावों की



बात कही गयी थी पर ऐसा कुछ नहीं हुआ। टीम में हालांकि कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है और शान मसूद की कप्तानी में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में वही सीनियर खिलाड़ी मैदान पर उतरे जो पहले थे। वहीं अब टीम की इस करारी हार से लगता है कि उसे बड़े बदलाव की जरुरत है। नकवी ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट में चीजें बदलेंगी. रावलपिंडी टेस्ट में पहली पारी में पाकिस्तान ने 6 विकेट पर 448 रन बनाकर पारी घोषित की थी। इसके बाद बांग्लादेश ने 565 रन बनाकर बड़ी बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में पाक टीम के बल्लेबाज 146 रनों पर ही आउट हो गये।

## सिराज, जडेजा पहले दौर के लिए इंडिया बी टीम से बाहर

एजेंसी


**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को दलीप ट्रॉफी के लिए इंडिया बी टीम से रिलीज कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को उक्त घोषणा की।

**दलीप ट्रॉफी**

सिराज बीमारी के कारण पहले दौर में नहीं खेलेंगे। तेज गेंदबाज उमरान मलिक, जो इंडिया सी का हिस्सा थे, भी एक्शन में नहीं होंगे। उनके प्रतिस्थापन के रूप में क्रमशः नवदीप सैनी और गौरव यादव को नामित किया गया है। जडेजा के नहीं खेलने का कारण नहीं बताया गया है।
भारत के व्यस्त टेस्ट कैलेंडर से पहले मैच अभ्यास देने की उम्मीद के साथ शुभमन गिल और यशस्वी



जयसवाल समेत कई भारतीय खिलाड़ियों को टूनार्मेंट में शामिल किया गया था। भारत अन्य पांच मैचों के लिए नवंबर में ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच टेस्ट मैच खेलेगा।
टूनार्मेंट 5 सितंबर, 2024 से अनंतपुर, आंध्र प्रदेश और बेंगलुरु में शुरू होने वाला है।
**भारत एः** शुभमन गिल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएल राहुल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुश कोटियन, कुलदीप यादव, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, आवेश खान, विदवथ कावेरप्पा , कुमार कुशाग्र, शास्वत रावत।
**भारत बीः** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी*, वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, यश दयाल, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी , एन जगदीसन (डब्ल्यूके)।
**भारत सीः** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, बी इंद्रजीत, रितिक शौकीन, मानव सुथार, गौरव यादव, विशाक विजयकुमार, अंशुल खंबोज, हिमांशु चौहान, मयंक मारकंडे, आर्यन जुयाल (डब्ल्यूके), संदीप वारियर।
**भारत डीः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व तायडे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, इशान किशन (विकेटकीपर), रिकी भुई, सारांश जैन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, तुषार देशपांडे, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत (डब्ल्यूके),सौरभ कुमार।



इटली में फुटबॉल मैच में जुवेंटस के डुसान व्लोहोविक गोल करने के बाद उत्साहित होते हुए।

# वज़न को संतुलित रखने के टिप्स



- मोटापे के ख़िलाफ़ आपका सबसे बड़ा हथियार है स्ट्रेंथ ट्रेनिंग. ज़्यादातर महिलाओं को लगता है कि यह उनके लिए नहीं है या फिर इससे उनका आकार बहुत बड़ा हो जाएगा. लेकिन सच्चाई यह है कि आप पतली हो जाती हैं, क्योंकि महिलाओं के पास बड़े मसल्स बनाने के लिए टेस्टेस्टेरॉन ही नहीं होता.
- घंटों तक साइकिलिंग/स्पिनिंग या दौड़ने से आपके मेटाबॉलिज़्म पर नकारात्मक असर पड़ सकता है और आपकी मांसपेशियां घट सकती हैं. और आप ज़्यादा कुछ नहीं भी खातीं तो भी आपका वज़न आसानी से बढ़ सकता है.
- हर मील में प्रोटीन और सब्ज़ियां खाएं. यदि आपके हर मील में फ़ाइबर और अमीनो एसिड्स होंगे तो बहुत ज़्यादा संभावना है कि आप दिन के अंत में चिप्स पर नहीं टूट पड़ेंगी.
- अपने हर 25 किलो वज़न के लिए एक लीटर पानी पिएं. लोग अक्सर प्यास को भूख समझ बैठते हैं.
- कम से कम आठ घंटे सोएं. तनावग्रस्त शरीर एक्सरसाइज़ नहीं कर सकता और न ही सेहतमंद खाने के विकल्प चुन सकता है.

# कर्ली हेयर्स के लिए 3 जरूरी केयर टूल्स

अगर आपके पास सही टूल्स हैं तो कर्ली हेयर को सेट करना रोमांचक हो जाता है. और अगर नहीं है तो वही काम एक चुनौती बन जाता है. इसके अलावा यदि आप अपने कर्ल्स को सावधानी से सेट नहीं करती हैं तो आप उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ करती हैं. कर्ली बालों को स्टाइल करने में काफ़ी एफ़र्ट्स और स्मार्टनेस की आवश्यकता होती है, ताकि बिना किसी फ्रिज़ के कर्ल का टेक्स्चर, वॉल्यूम और हाइड्रेशन बना रहे. इन्हें बरक़रार रखने के लिए हम आपको तीन ऐसे ज़रूरी हेयर केयर टूल्स को पास रखने की सलाह दे रहे हैं, जो आपको एक हेल्दी हेयर केयर रूटीन फ़ॉलो करने में आपकी मदद करेंगे.

## वॉटर स्प्रे

एक वॉटर स्प्रे बॉटल, जिसका इस्तेमाल सभी हेयर स्टाइलिस्ट बाल काटते समय करते हैं और बेस्ट स्टाइल्ड नैचुरल कर्ल्स के लिए आपके पास भी वह होना चाहिए. हम सब यह अच्छी तरह से जानते हैं कि कर्ल तब अधिक उभरे हुए और अच्छे दिखते हैं, जब उन्हें गीला रहते हुए ही स्टाइल किया जाता है. एक बढ़िया स्टाइल्ड कर्ल पाने के लिए बालों को धोने के बाद जब वो गीले रहें यानी पानी की बूंदे टपकती रहें, तभी उनपर स्टाइलिंग क्रीम और दूसरे केयर प्रॉडक्ट्स लगा दें. अगर आपके बाल बहुत कम गीले हैं और उनमें मॉइस्चर की खूब कमी लग रही है तो वॉटर स्प्रे बॉटल का इस्तेमाल करके पहले अपने बालों को अच्छी तरह से गीला करें और उसके बाद स्टाइलिंग प्रॉडक्ट्स लगाएं.

## वेट डिटैंगलिंग ब्रश

इस ब्रश में बहुत ही सॉफ़्ट ब्रिसल्स होते हैं, जो गीले बालों को सुलझाने के लिए डिज़ाइन किए जाते हैं. इसलिए ये ब्रश कर्ली बालों के लिए फ़ायदेमंद होते हैं. आख़िरकार, कर्ली बालों को हमेशा गीला रहते हुए ही कंघी करने या सुलझाने की सलाह दी जाती है और इस हिसाब से यह ब्रश टूल बहुत ही परफ़ेक्ट है.

## माइक्रोफ़ाइबर तौलिया

ये माइक्रोफ़ाबइर तौलिए सॉफ्ट फ़ैब्रिक से बने होते हैं, जो बालों के साथ कम रगड़ खाते हैं और शॉवर लेने के बाद बालों को सौम्यता से सुखाने के काम आते हैं, जिससे फ्रिज़ीनेस कंट्रोल करने में मदद मिलती है. ये तौलिए बालों को टूटने और ड्राय होने से भी बचाती हैं. कर्ली हेयर वाली युवतियां इस तरह की तौलियों के उपयोग से बहुत सारे लाभ उठा सकती हैं.



# खूबसूरत बालों के लिए प्याज का हेयर मास्क



**सामग्री :** 2-3 टेबलस्पून प्याज़ का रस, 2 टेबलस्पून कैस्टर ऑयल, 1 कॉटन बड

प्याज़ के अलावा इस डीआईवाई हेयर मास्क में कैस्टर ऑयल का भी इस्तेमाल किया गया है. अगर पता नहीं तो आपको बता दें कि कैस्टर ऑयल आपके हेयर स्कैल्प के लिए बहुत फ़ायदेमंद होता है. इसमें रिकिनोलेइक एसिड और ओमेगा-6 फ़ैटी एसिड पाया जाता है; इसलिए जब इससे स्कैल्प की मालिश की जाती है तो यह ब्लड सर्कुलेशन को सुधारता है, बालों को आवश्यक नमी प्रदान करता है और बालों के विकास में भी सहायक होता है.

**बनाने का तरीक़ा :** एक प्याज़ लें और उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें. अब इन टुकड़ों को ब्लेंडर में डालकर पेस्ट बनाएं. पेस्ट तैयार होने के बाद एक चीज़क्लोथ लें और सारा रस निकाल लें. हालांकि इसका स्मेल आपको पसंद नहीं आएगा, लेकिन इस बात को लेकर ख़ुश हो जाएं कि इससे आपको घने, लंबे व मज़बूत बाल मिलेंगे.

प्याज़ का रस तैयार होने के बाद उसमें बराबर मात्रा में कैस्टर ऑयल डालें और दोनों को अच्छी तरह से मिलाएं.

एक कॉटन पैड लें और उसे तैयार मिश्रण में डुबोएं. भीगे कॉटन पैड की मदद से मिश्रण को स्कैल्प पर लगाएं और अच्छी तरह से मसाज करें. बचे हुए मिश्रण को बालों की पूरी लंबाई तक लगा दें.

इस मिश्रण को अच्छे से 20-25 मिनट के लिए लगे रहने दें, फिर उसे एक सौम्य शैम्पू की मदद से धो दें. स्मेल से छुटकारा पाने के लिए कंडीशनर ज़रूर लगाएं.

**इस्तेमाल का तरीक़ा :** यह मास्क आपके बालों को घना और मज़बूत बनाने के लिए जादुई ढंग से काम करेगा. अच्छे परिणाम के लिए इस मास्क को सप्ताह में एक बार लगा सकती हैं. ध्यान रखें कि आपका कंडीशनर फ्रेगनेंस से भरपूर हो, जिससे प्याज़ की स्मेल दब जाएगी.

# दूध के दमदार फायदे



### डिप्रेशन को भगाने में है कारगर

दूध पीने से शरीर में विटामिन डी का स्तर पर्याप्त बना रहने में मदद मिलती है. जब विटामिन डी का स्तर सही होता है, तब सेरोटॉनिन नामक हार्मोन का स्राव भी सही रहता है. यह हार्मोन हमारे मूड को ख़ुशगवार रखता है. डिप्रेशन दूर होता है. डिप्रेशन में सुबह की धूप में बैठने से भी फ़ायदा होता है.

### बालों की नमी बनाए रखता है

दूध त्वचा की तरह ही बालों के लिए भी वरदान ही है. रूखे-सूखे और डल बालों पर दूध से बना हेयर मास्क लगाकर आप ख़ुद फ़र्क़ देख सकते हैं. दूध बालों की नमी को बरक़रार रखता है.

नौ अलग-अलग पोषक तत्वों से भरे दूध को हम संपूर्ण आहार भी कह सकते हैं. आइए जानें, उन 8 कारणों को, क्यों दूध को अपने रोज़ाना के खानपान में शामिल करना समझदारी भरा फ़ैसला है.

### हड्डियां बनाता है स्ट्रॉन्ग

हड्डियों की मज़बूती के लिए कैल्शियम कितना ज़रूरी है, यह बात हम सभी जानते हैं. कैल्शियम के सबसे अच्छे प्राकृतिक स्रोतों में दूध प्रमुख है. एक गिलास यानी 250 मिली दूध में 285 मिलीग्राम कैल्शियम होता है, जो हमारी रोज़ाना की ज़रूरत का 20% है.

### मोटापे से बचाता है

चूंकि दूध पीने से पेट के भरा होने का एहसास होता है, जिसके चलते आप कुछ भी ऐसी-वैसी चीज़ खाने से बच जाते हैं. इस प्रकार से देखा जाए तो दूध हमें ग़ैरज़रूरी एक्स्ट्रा कैलोरी कंज़्यूम करने से बचाता है और वज़न को बढ़ने से रोकता है.

### एसिडिटी में रामबाण है

एसिडिटी की समस्या के सबसे अच्छे घरेलू उपचारों में दूध का नंबर काफ़ी ऊपर है. दूध का ठंडक पहुंचानेवाला गुण हमारे पेट के लिए राहत बनकर आता है और हमें एसिडिटी से बचाता है.

### दांतों को मज़बूती देता है

दूध में कैल्शियम और फ़ॉस्फ़ोरस के अलावा कैसीन्स नामक प्रोटीन भी होता है. कैल्शियम, फ़ॉस्फ़ोरस और कैसीन्स मिलकर दांतों के इनैमल पर सुरक्षा परत बनाते हैं. यह सुरक्षा परत दांतो को सड़न और कैविटी से बचाती है.

### त्वचा को निखारता है

दूध के फ़ायदे केवल उसको पीने में ही नहीं है. आप दूध का बाहरी इस्तेमाल भी कर सकते हैं. कई होममेड फ़ेस मास्क में दूध का इस्तेमाल किया जाता है. दूध चेहरे की त्वचा को नई निखार देता है.

### रोगों से लड़ने में है मददगार

रोज़ाना एक गिलास दूध पीने से हाई ब्लड प्रेशर और स्ट्रोक जैसी प्राणघातक बीमारियों को कम किया जा सकता है. ऐसा होता है दूध में मौजूद लैक्टोज़ की वजह से, जो शरीर में बैड कोलेस्टेरॉल के प्रोडक्शन को कम करता है.

# बारिश के मौसम में खाएं ये फल और सब्ज़ियां



बारिश के दिनों में ढेर सारी बीमारियां और इन्फ़ेक्शन होने का ख़तरा होता है. उनसे निपटने के लिए ज़रूरी है इस मौसम में खानपान का ख़ास ख़्याल रखा जाए. 98फ़िट के फ़ाउंडर भविष्य वाधवन ने बताया कौन-से फल और सब्ज़ियां इस मौसम में खाने के अनुकूल हैं, ताकि आप सेहतमंद बने रहें.

**पीच:** पीच यानी आड़ू में ऐंटीऑक्सिडेंट्स, विटामिन ए, बी और सी की प्रचुर मात्रा होती है. पीच हमारे सिस्टम से टॉक्सिन्स को निकाल बाहर करने में मदद करता है. इससे हमारी त्वचा सेहतमंद बनती है और आंखों को भी फ़ायदा होता है. चूंकि पीच में फ़ाइबर की काफ़ी मात्रा होती है, यह वज़न घटाने में भी काम आता है.

**पेर:** पेर (नाशपाती) फ़ाइबर से भरपूर एक नर्म और मीठा फल है. यह फल न केवल मानसिक स्वास्थ्य और हड्डियों की मज़बूती के लिए लाभदायक है, बल्कि इसमें ऐंटीऑक्सिडेंट्स की मात्रा भी काफ़ी होती है. पेर खाने से वेट लॉस में मदद मिलती है और कैंसर, हायपरटेंशन, डायबिटीज़ और हृदय रोग होने की संभावना कम होती

**चेरीज़:** चेरीज़ चाहें मीठी हों या खट्टी, पोषण से भरी होती हैं. चेरीज़ से ख़ून में यूरिक एसिड की मात्रा कम होती है और आपको मांसपेशियों के दर्द से राहत मिलती है. चेरीज़ खाने से अच्छी नींद आती है और त्वचा में निखार भी. विटामिन सी की अधिकता के चलते बारिश के मौसम में चेरी खाने से आप किसी भी तरह के इन्फ़ेक्शन से भी बचे रह सकते हैं.

**जामुन:** जामुन में कैलोरीज़ कम होती हैं. गर्मी के मौसम में यह फल ख़ूब खाया जाता है. पर यह बारिश के मौसम के लिए भी उपयुक्त है. इसमें आयरन, पोटैशियम, फ़ोलेट और विटामिन की अच्छी मात्रा होती है, जिसके चलते यह पेट दर्द से राहत दिलाता है. डायबिटीज़ के रोगियों के लिए अमृत माना जानेवाला जामुन हमारे ख़ून को साफ़ करता है, जिससे त्वचा को नई दमक मिलती है.

**प्लम:** प्लम यानी आलूबुख़ारा एक रसीला फल है. यह फल आपको बारिश में होनेवाली पेट की कई बीमारियों से बचाता है. यह ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में भी मददगार है.

**लौकी:** यह मॉनसून के दौरान खाई जानेवाली सबसे सेहतमंद सब्ज़ियों में से एक है. इसमें आयरन और विटामिन सी की प्रचुर मात्रा होती है. इसका ऐंटीऑक्सिडेंट ऐक्शन भी बड़े काम आता है. फ़ाइबर से परिपूर्ण होने के चलते यह वेट लॉस में भी मदद करती है.

**करेला:** आमतौर पर लोग इस सब्ज़ी को इसके कड़वे स्वाद के चलते पसंद नहीं करते, पर इसके स्वास्थ्यवर्धक गुणों को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता. इसमें विटामिन सी की अधिकता होती है, जिसके चलते यह इम्यूनिटी को बढ़ाता है और हमें कई बीमारियों से दूर रखता है.

**ग्वार फली:** ग्वार फली में प्रोटीन, घुलनशील फ़ाइबर और विटामिन के, सी और ए भरपूर मात्रा में होते हैं. इसके अलावा इसमें फ़ॉस्फ़ोरस, कैल्शियम, आयरन और पौटेशियम की मात्रा अच्छी-ख़ासी होती है. डायबिटीज़ और ब्लड प्रेशर में ग्वार फली बेहद फ़ायदेमंद होती है. यह हड्डियों को मज़बूत रखती है और पाचन क्रिया को भी दुरुस्त रखती है.

**भिंडी:** भिंडी की कोलेस्ट्रॉल स्तर को घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है. यह पाचन शक्ति को बढ़ाती है, आंखों की रौशनी बेहतर करती है, कैंसर के ख़तरे को कम करती है, हड्डियों को मज़बूत करती है।

# मॉनसून में ऐसे रखें अपने स्किन का ख्याल

यह साल का वह मौसम है जब आसामन से प्यार बरसता है. लोग इसमें भीगते भी ख़ूब हैं. लेकिन रोमांस के साथ इस मौसम में नमी भी बढ़ती है. नमी हमारी त्वचा को संक्रमण के प्रति संवेदनशील बनाती है, जिससे मुंहासें और ब्रेकआउट की संभावना बढ़ जाती है. ऐसे में बदलते मौसम के अनुसार आपको अपनी स्किन का ध्यान रखना ज़रूरी हो जाता है. तो आइए, जानें कि मॉनसून के दौरान आप अपनी त्वचा की देखभाल कैसे कर सकती हैं.

**सनस्क्रीन का पीछा ना छोड़ें**

सनस्क्रीन्स हानिकारक यूवी किरणों से बचाव करता है. मानसून के दौरान, बाहर बादल होने पर भी, सूरज की किरणें आपकी त्वचा के स्वास्थ्य को बिगाड़ सकती हैं. अपनी त्वचा को सुरक्षित रखने के लिए जेल बेस वॉटर रेसिस्टेंट सनस्क्रीन का प्रयोग करें. साथ ही, बाहर निकलने से 20 मिनट पहले सनस्क्रीन लगाएं.

**अपने चेहरे की रोज़ाना सफ़ाई करें**

बरसात के मौसम में उमस की वजह से अधिक पसीना होता है और चेहरे पर अधिक गंदगी जमा हो जाती है. इसलिए, अपने चेहरे की सफ़ाई का बहुत ध्यान रखें. हो सके तो दिन में दो से तीन बार अपने चेहरे को साफ़ करें. यह आपको किसी भी तरह के संक्रमण से बचने में भी मदद करेगा.

**नियमित रूप से एक्सफ़ॉलिएट करें**

मानसून का मौसम कीटाणुओं और जीवाणुओं को फैलने के लिए बेहतरीन माहौल देता है. आपकी त्वचा पर यह नमी गंदगी के रूप में मौजूद होती है, जिससे मुंहासे और त्वचा संबंधित कई परेशानियां पैदा होती हैं. इस समस्या से बचने के लिए, किसी भी स्क्रब से अपनी त्वचा को एक्सफ़ॉलिएट करें, ताकि रोमछिद्रों को बंद करनेवाली मृत त्वचा कोशिकाओं से छुटकारा मिल सके.



**मॉइस्चराइज़ करना ना भूलें**

मानसून में नमी की मात्रा अधिक होती है और आपको लगता है कि आपकी त्वचा को मॉइस्चराइज़र की आवश्यकता नहीं है. लेकिन ऐसा होता नहीं है. आपकी त्वचा को लोशन की पूरी ज़रूरत होती है, क्योंकि यह मौसम आपकी त्वचा को शुष्क कर देता है, जिससे वह डल दिखने लगती है.

इसके अलावा, मॉइस्चराइज़ेशन आपको झुर्रियों से छुटकारा पाने और आपकी त्वचा की चमक बनाए रखने में मदद करता है.

**हाइड्रेटेड रहें**

बारिश के मौसम में अधिक उमस होने से बहुत पसीना आता है, जिससे त्वचा रूखी और बेजान नज़र आने लगती है. इस मौसम में अपनी त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि आप ख़ुद को हाइड्रेट रखें. दिन भर में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं. इससे आपकी त्वचा विषाक्त पदार्थों से मुक्त रहेगी औं मुंहासे और फुंसियों से भी राहत मिलेगी, जिससे आपको एक दमकती हुई त्वचा मिल सकेगी.

**अपने होठों को ना भूलें**

इस मौसम का असर आपके होठों पर भी पड़ता है. सूखे और फटे होंठों से छुटकारा पाने के लिए उन्हें भी नरिश करना ना भूलें. एक बेहतरीन लिपबाम से उन्हें हाइड्रेट करते रहें.

# जॉइंट पेन पैदा करने वाली सात आम गलत आदतें



यह युग बीमारियों के लिहाज से स्वर्ण युग है. इन बीमारियों में भी जॉइंट्स की समस्या अपने चरम पर हैं. जॉइंट्स से हमारा तात्पर्य वे सभी संधियां जहां दो या दो से अधिक हड्डियां मिलती हैं जैसे घुटना या कलाई के जॉइंट्स. आज हम जानेंगे कि वो कौन-सी ग़लत आदत हैं जिनसे हमारे जॉइंट्स परेशान होते हैं और फिर दर्द उत्पन्न करते हैं. हम आज 7 ऐसी आदतों को जानेंगे जो हमारे जॉइंट्स को सबसे ज़्यादा परेशान करती हैं. यदि हम उनमें थोड़ा सा सुधार कर लें तो कई जॉइंट्स की समस्याओं से खुद को बचा सकते हैं और एक लंबा स्वस्थ और पीड़ा रहित जीवन जी सकते हैं.

### ग़लत जूते पहनना

ऊंची हील के जूते पहनना टखने घुटने और कमर के जोड़ों के लिए घातक है. जब हम लंबे समय तक इस प्रकार के जूते पहनते हैं तो वह इन जॉइंट्स को विकृत करते हैं तथा जॉइंट्स के रोगों को उत्पन्न कर देते हैं. घिसे हुए तलों वाले चप्पल या जूते पहनने से भी इन जॉइंट्स पर बुरा असर पड़ता है. इसलिए घुटने, टखने और कमर के दर्द से बचने के लिए हमें समतल या पैरों के आकार को सपोर्ट करने वाले जूते या सैंडल ही पहनना चाहिए. यदि आपको कुछ ही दिनों से टखने घुटने और कमर में दर्द शुरू हुआ है और आपने अभी कुछ दिन पहले ही कोई नया जूता ख़रीदा है तो बहुत ज़्यादा संभावना है कि उस जूते के कारण ही आपके घुटनो और अन्य जॉइंट्स में दर्द शुरू हुआ है.

### वज़न ग़लत ढंग से उठाना

भारी बैग को ग़लत तरीके से उठाने से भी कमर और कंधों का दर्द हो सकता है क्योंकि ऐसा करने से हमारे स्पाइन का कर्व गड़बड़ा आता है और यह स्लिप डिस्क या सर्वाइकल स्पोन्डिलॉसिस या साइटिका जैसे दर्द दे सकता है.

### धूप से दूरी

धूप से दूरी भी जॉइंट्स के दर्द की एक बड़ी वजह है क्योंकि हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक विटामिन डी हमें धूप से ही मिलता है और यदि हम धूप में ना बैठे तो शरीर में विटामिन डी की कमी हो जाएगी जिसके चलते हमारी हड्डियां और जॉइंट्स कमजोर हो जाएंगे. ऐसा बहुत लंबे समय तक रहने से ओस्टियोआर्थराइटिस और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याएं भी हो सकती है.

### ग़लत तरीक़े से सोना

सोने का ग़लत तरीका भी जॉइंट्स के दर्द की बड़ी बड़ी वजह है. यदि हम ऊंचा तकिया लगाकर सोते हैं तो वह हमारी गर्दन के कर्व को बिगाड़ता है जोकि सर्वाइकल स्पोन्डिलॉसिस के लिए है. बहुत नर्म गद्दा भी हमारी रीढ़ के लिए नुक़सानदेह है. पेट के बल सोना कंधों के दर्द, पसलियों और गर्दन के दर्द की वजह हो सकता है.

### एक्सरसाइज़ और योग से दूरी

सोकर उठने के बाद हमें स्ट्रेचिंग करना चाहिए जिससे कि हमारी मसल्स और जॉइंट्स अपनी सही स्थिति में आ जाते हैं और फिर वह अपने दैनिक कार्यों में लग जाते हैं. यदि ऐसा ना किया जाए तो जॉइंट्स ग़लत स्थिति में रहकर ही अपना कार्य शुरू कर देते हैं जोकि रीढ़ के कार्य और अन्य जोड़ों में विकृति उत्पन्न करते हैं. यह आगे चलकर जोड़ों के दर्द में परिवर्तित हो जाती है.




# व्रत की थाली

**कढ़ी के लिए :**1 कप दही2 टेबल स्पून राजगिरा आटा700 ml (मिली.) पानी1 टी स्पून नमक1 टेबल स्पून तेल1 टी स्पून जीरा2 हरी मिर्च , टुकड़ों में कटा हुआ10 पीसी करी पत्ते1 टी स्पून अदरक , टुकड़ों में कटा हुआ1 टेबल स्पून हरा धनिया , टुकड़ों में कटा हुआ1

**टहनी सब्जी के लिए:**करी पत्ता4 टेबल स्पून मूंगफली का तेल1 टी स्पून जीरा2 हरा मिर्च, टुकड़ों में कटा हुआ1 कप मूंगफली (पिसी हुई)1 टी स्पून अदरक4 आलू (उबला हुआ और कटा हुआ) स्वादानुसार नमक1 टी स्पून चीनी1 टी स्पून नींबू का रस1 टेबल स्पून धनिया , टुकड़ों में कटा हुआ

**पूरी के लिए:** 2 कप राजगिरा आटा1/2 उबला हुआ आलू1 टी स्पून नमक1 टी स्पून काली मिर्च पाउडर1 टी स्पून अदरक और हरी मिर्च (पिसी हुई)चटनी के लिए:1 टी स्पून अदरक और हरी मिर्च1 कप मूंगफली 1 टी स्पून नमक1 टी स्पून चीनी2 टेबल स्पून दही

**व्रत की थाली बनाने की विधि**

**कढ़ी के लिए:** दही के साथ राजगिरा का आटा मिलाएं और इसे एक साथ फेंट लें. नमक और 700 मिली पानी डाल कर लगातार चलाते हुए उबाल लें. उबाल आने के बाद इसे धीमी आंच पर पकने दें. एक पैन में तेल गरम करें और जीरा तड़कें, उसमें कटी हुई हरी मिर्च और कढ़ी पत्ता डालें.

**सब्जी के लिए:** सबसे पहले मूंगफली का तेल गरम करें, जीरा डालें और इसे चटकने दें. करी पत्ता और हरी मिर्च डालें. आलू, नमक, चीनी और मूंगफली डालें.


डिश को नींबू के रस और धनिये के फीनिश करें.

**पूरी के लिए:** 1 कप राजगिरा को छान लें, आलू डालें और अच्छी तरह से क्रम्बल कर लें. अदरक, हरी मिर्च का पेस्ट, काली मिर्च और नमक डालें.

पानी की मदद से सख्त आटा गूंथ लें. आटे को बांट लें और आटे को पूरी में बेल लें. पूरी को सुनहरा होने तक डीप फ्राई करें.

**चटनी के लिए:** पिसी हुई हरी मिर्च और अदरक को नमक और चीनी के साथ मिला लें.

दही और पिसी हुई मूंगफली डालें. चटनी तैयार है.



# माता-पिता के तलाक का लाइफ पर गहरा असर पड़ा

सुप्रसिद्ध पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर के बेटे फरहान अख्तर ने भी सिने उद्योग में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। बेहतरीन कथा, पटकथा, निर्देशक, गीतकार, गायक और अभिनेता के तौर पर उन्हें जाना जाता है। फरहान ने हाल ही में फेय डिसूजा संग दिए अपने साक्षात्कार में अपनी व्यक्तिगत जिन्दगी को लेकर खुलकर बातचीत की है। फरहान अख्तर का कहना था कि उनके माता-पिता के तलाक का उन पर और उनकी पत्नी अधुना भवानी के साथ शादीशुदा जिंदगी पर क्या असर पड़ा। फरहान ने कहा कि वो समय मुश्किल था क्योंकि मैं खुद तलाकशुदा पैरेंट्स का बच्चा था। मुझे मालूम था कि तलाक बच्चों के लिए कितना मुश्किल होता है।


मेरे अंदर से हमेशा एक आवाज आती थी कि मैं अपने बच्चों के साथ ऐसा नहीं कर सकता हूं। फिर इस फैसले का एक ऐसा मोड़ आया जब मैंने और अधुना ने उनसे साफ-साफ अपने तलाक के बारे में बात की। मैंने अपने बच्चों को बताया कि हम उनकी वजह से अलग नहीं हो रहे हैं, न वे इसकी वजह हैं और न ही उन्होंने ऐसा कुछ किया है जिसकी वजह से हम दोनों अलग हो रहे हैं। हमारे इस फैसले से बच्चों का कुछ लेना-देना नहीं था। वो दो बड़े लोगों की आपसी बात थी। एक दोस्त के तौर पर हमने ये फैसला लिया था कि हम ये करना चाहते हैं और यही हम सबके लिए सबसे अच्छा होगा।

हालांकि आज भी मेरे अंदर से एक आवाज आती है कि क्या मेरे बच्चों के साथ ऐसा होना चाहिए था। शायद ये एक ऐसा अहसास है जिसके साथ ही मुझे जीना होगा। मेरे साथ बचपन में ऐसा ही हुआ था इसी वजह से अब मुझे ऐसा महसूस होता है। बता दें फरहान और अधुना ने साल 2000 में शादी की थी और वे साल 2017 में अलग हो गए। उनके दो बेटियां शाक्या और अकिरा हैं। फरहान ने साल 2022 में शिबानी दांडेकर के साथ दूसरी शादी कर ली। उल्लेखनीय है कि फरहान के पिता जावेद अख्तर ने साल 1972 में हनी ईरानी के साथ शादी की थी। उनके बेटी जोया अख्तर भी है। जावेद-हनी ने साल 1985 में तलाक ले लिया। जावेद ने साल 1984 में एक्ट्रेस शबाना आजमी के साथ दूसरी शादी की थी। हाल ही जावेद और सलीम खान की दिग्गज जोड़ी को लेकर बनाई गई तीन एपिसोड की डॉक्यूमेंट्री 'एंग्री यंग मैन' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है।



# शाहरुख खान वाले मुकाम को हासिल करना चाहती हैं उर्फी

**सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की दुनिया में एक नाम ऐसा है, जो सबसे ज्यादा चर्चा में रहता है और वो है उर्फी जावेद। इन दिनों वो अपनी डेब्यू सीरीज फॉलो कर लो यार से सुर्खियां बटोर रही हैं। इस सीरीज की स्ट्रीमिंग 23 अगस्त से प्राइम वीडियो पर शुरू हो चुकी है। एक हालिया साक्षात्कार में उर्फी ने अपने कामकाज और करियर को लेकर खुलकर बातचीत की।**



उर्फी जावेद अभिनेता शाहरुख खान की तरह मशहूर होना चाहती हैं। उनका कहना है कि जब तक वो किंग खान वाले मुकाम पर नहीं पहुंच जातीं, तब तक रुकने वाली नहीं हैं। उर्फी ने कहा कि वो राज करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि हर कोई उनकी (ऊर्फी) तरह महत्वाकांक्षी नहीं हो सकता। कुछ इंसान केवल अपना अस्तित्व चाहते हैं और हर किसी को पैसा, फेम और सफलता नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने उन्हें हतोत्साहित करने का काम किया, लेकिन वो कभी अपने रास्ते से पीछे नहीं हटी।

### मैं खुद ही अपने लिए मौके बनाती हूं

उर्फी जावेद ने कहा कि हर कोई उनके खिलाफ था और इसके बावजूद उन्होंने वही किया जो वो करना चाहती थीं। उर्फी ने ये सब बातें इंडिया टुडे को दिए एक साक्षात्कार में बताई। उन्होंने कहा कि वो खुद ही अपने लिए मौके बनाती हैं। अगर कोई उनकी तरह कोशिश करके सफल हो जाएगा तो वो खुश हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि वो अपनी एक ऐसी दुनिया बनाने में जुटी हुई हैं, जिसमें वो काफी मशहूर हो।



# वेदा के खराब बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर जॉन अब्राहम ने दी प्रतिक्रिया

बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम की हालिया रिलीज फिल्म वेदा का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल हो गया है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज ये एक्शन फिल्म कमाई के मामले में बेहद ही बुरा प्रदर्शन कर रही है। निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी फिल्म में जॉन के साथ शरवरी वाघ और तमन्ना भाटिया नजर आई हैं। वेदा को श्रद्धा कपूर की धमाकेदार फिल्म स्त्री 2 से कड़ी टक्कर मिली। 10 दिनों में फिल्म 18.50 करोड़ रुपये की ही कमाई कर सकी है। जॉन अब्राहम ने अब फिल्म के प्रदर्शन पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। जॉन अब्राहम ने कहा कि वेदा भले ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। मगर फिर भी वह अपनी फिल्म के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा, यह एक हिम्मत वाली फिल्म है। मैं बाटला हाउस के बाद निखिल के साथ फिर से काम करना चाहता था। ईमानदारी से कहूं तो सफलता और असफलता से ज्यादा यह संदेश है कि आप अपनी फिल्म के जरिए क्या संदेश दे रहे हैं, जो ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा, हमने इसे मनोरंजक तरीके से दिखाया है, लेकिन इस तथ्य से कोई इंकार नहीं कर सकता कि विषय बहुत गंभीर है। अगर लोगों को गंभीर विषय वाली फिल्में देखने में दिलचस्पी नहीं है, तो यह उनकी पसंद है। मैं इसका सम्मान करता हूं। मगर आपको दिन के अंत में इस विषय का सामना करना ही पड़ता है। मुझे बहुत गर्व है कि हमने एक बहुत अच्छी फिल्म बनाई है। यह निखिल और मेरा साथ में सबसे बेहतरीन काम है।

अभिनेता ने कहा, जब आपकी फिल्म व्यावसायिक रूप से सफल नहीं होती है, तो आपको अफसोस होता है। आपको बुरा लगता है। आमतौर पर यह फिल्म के बारे में अनिश्चितता से आता है। मगर वेदा के साथ हमने व्यावहारिक रूप से सब कुछ सही किया है। जॉन ने कहा, हमारे कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सिनेमैटोग्राफी से लेकर एक्शन तक हर चीज अच्छा प्रदर्शन किया है। लोगों को स्क्रीनप्ले के बारे में शिकायत करने के लिए कुछ चीजें मिल जाएंगी और यह ठीक है। हम सभी के दृष्टिकोण का सम्मान करते हैं।



# अक्षय कुमार की फिल्म 'स्काई फोर्स' की रिलीज टली, अब अगले साल आएगी

अक्षय कुमार की फिल्में इन दिनों सिनेमाघरों में लगातार संघर्ष कर रही हैं। अभिनेता के फैंस को उनकी एक सफल फिल्म की बेसब्री से तलाश है। उन्हें अभिनेता की आगामी फिल्म स्काई फोर्स से उम्मीद थी कि वह अभिनेता के इस बॉक्स ऑफिस के सूखे को खत्म कर देगी। इस फिल्म का प्रोमो स्त्री 2 से जोड़ा जाना था, लेकिन अभी तक उसे जारी नहीं किया जा सका है। फिल्म का टीजर लॉन्च भी स्थगित कर दिया गया था। अब इस फिल्म की रिलीज पर भी बड़ी जानकारी सामने आ रही है। अक्षय कुमार, सारा अली खान, निमरत कौर अभिनीत इस मल्टी-स्टारर एक्शन एरियल एंटरटेनर के लिए अभिनेता के फैंस काफी उत्सुक हैं, लेकिन उन्हें अब और इंतजार करना पड़ेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म की रिलीज डेट को अब और आगे खिसका दिया गया है। अब स्काई फोर्स अगले साल, यानी जनवरी 2025 में रिलीज होगी। फिल्म को लेकर कहा जा रहा था कि यह देशभक्ति पर आधारित है, जिसके कारण निर्माता 2 अक्टूबर यानी गांधी जयंती पर रिलीज करना चाहते थे। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि निर्माता जनवरी 2025 में फिल्म को रिलीज करना चाहते हैं। 76वें गणतंत्र दिवस के आसपास इस रिलीज करने का प्लान बनाया जा रहा है, जो 26 जनवरी को पड़ता है। इस खबर को पत्रकार राहुल राउत ने एक्स पर साझा किया है। हालांकि, इस पर अब तक निर्माताओं की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया है और यह 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज नहीं हो पाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्षय कुमार अपनी हालिया रिलीज फिल्मों और उनके बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन को देखते हुए ब्रेक लेना चाहते हैं। वह स्काई फोर्स की शूटिंग को लेकर आगे बढ़ने से पहले खुद को फिर से तरोताजा करने के अलावा अपनी दो फिल्मों की रिलीज के बीच कुछ अंतराल भी चाहते हैं। गौरतलब है कि हाल में ही उनकी फिल्म खेल खेल में रिलीज हुई है, जिसका प्रदर्शन बॉक्स ऑफिस पर अच्छा नहीं रहा है।



# स्त्री 2 के बाद इन फिल्मों में जलवा बिखेरेंगी श्रद्धा कपूर

श्रद्धा कपूर स्त्री 2 की जबर्दस्त सफलता के बाद अब इन फिल्मों में दिखाई देंगी। स्त्री 2 के बाद श्रद्धा स्त्री 3 में भी दिखाई देंगी, जो इससे ज्यादा मजेदार होने वाली है। चालबाज इन लंदन में भी श्रद्धा कपूर लीड रोल में नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रद्धा जल्द ही फिल्म नागिन में दिखाई दे सकती हैं। श्रद्धा कपूर जल्द ही असीमा छिब्बर के निर्देशन में बन रही केटीना में नजर आएंगी। इसके अलावा नो एंट्री के सीक्वल में भी अभिनेत्री के होने की खबर सामने आ रही है, हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है।



# स्त्री 2 की सफलता पर अभिषेक बनर्जी ने श्रद्धा-राजकुमार की क्रेडिट पर दी प्रतिक्रिया

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म स्त्री 2 लगातार बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाढ़ रही है। फिल्म की सफलता का क्रेडिट किसे दिया जाए यह बहस थमने का नाम नहीं ले रही है। इस बहस को लेकर अभिषेक बनर्जी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। अभिषेक बनर्जी ने स्त्री 2 में जना का किरदार निभाया है। फिल्म में उनके किरदार की भी खूब प्रशंसा हो रही है। इसी बीच फिल्म को लेकर यह बहस सोशल मीडिया पर छीड़ी हुई है कि आखिर स्त्री 2 की सफलता का श्रेय किसे दिया जाए।

राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर अभिनीत हॉरर कॉमेडी स्त्री 2 ने दुनिया भर में 500 करोड़ रुपये से ज्यादा का आंकड़ा पार कर लिया है। अमर कौशिक द्वारा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स के दिनेश विजान द्वारा निर्मित यह फिल्म 2018 की स्त्री का सीक्वल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान स्त्री 2 में जना का किरदार निभा चुके अभिषेक बनर्जी ने कहा, मुझे पीआर की समझ नहीं है। मुझे सोशल मीडिया पर होने वाली बातचीत की समझ नहीं है। जब भी कुछ सफल होता है, तो हमेशा कुछ नकारात्मक चीजें सामने जरूर आती हैं लेकिन हम इन चीजों पर ध्यान नहीं देते।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिषेक ने आगे कहा, जब हमने यह फिल्म शुरू की थी, तब हमने नहीं बोला था कि फिल्म इसकी है या उसकी है। जब हमने फिल्म साइन की थी। आपने खुद ही देखा होगा बहुत बार लोगों ने बोला है कि जना की एंट्री पे लोग सबसे ज्यादा तालियां बजाते हैं। इतने बड़े सितारों के बीच मैं क्या है जना? आगे अभिषेक ने कहा, ये फिल्म कलाकारों की टोली की फिल्म है। ये सबकी फिल्म है और यही फिल्म की खूबसूरती है। बाकी सब बेकार की बातें हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आगे अभिषेक ने कहा, स्त्री अमर कौशिक की है। चाहे आप कितना भी लड़ लें, यह सब व्यर्थ है। निर्देशक जहाज का कप्तान होता है और याद रखें कि कोई भी फिल्म, कोई भी अच्छा प्रदर्शन, जो भी आप लोग देख रहे हैं, वह निर्देशक की वजह से है।

# सूर्या की फिल्म पर आया बड़ा अपडेट, वेट्टैयन से नहीं टकराएगी कंगुवा

पिछले कुछ दिनों से सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन और सूर्या की कंगुवा के बीच बॉक्स ऑफिस पर टक्कर की बातें सामने आ रही थी। दोनों ही फिल्म 10 अक्तूबर को एक साथ बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली थीं। ऐसे में तमिल सितारों के फैंस की बीच असमंजस की स्थिति लगातार बनी हुई थी। अब कंगुवा को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं की मानें तो सूर्या की बड़े बजट की आगामी फिल्म अब रजनीकांत की वेट्टैयन से नहीं टकराएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया। एक्स पर भी फिल्म की तारीख आगे बढ़ने की लगातार बातें कही जा रही हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। इस फिल्म में सूर्या के साथ बॉबी देओल और दिशा पाटनी भी नजर आने वाले हैं।

फिल्म में बॉबी नकारात्मक भूमिका में दिखेंगे। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर सामने आया था, जिसमें देखकर फैंस का उत्साह काफी ज्यादा बढ़ गया था। इस फिल्म में सूर्या डबल रोल में नजर आने वाले हैं। कंगुवा की बात करें तो फिल्म का निर्देशन सिरुथाई शिवा ने किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म को 350 करोड़ के बजट से तैयार किया गया है। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज करने की योजना है। वर्क फ्रंट की बात करें तो सूर्या को हाल ही में अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा में कैमियो करते हुए देखा गया था। इस फिल्म में उनकी विशिष्ट भूमिका को उनके फैंस ने खूब पसंद किया था।



## सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने की आत्महत्या

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-75 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अपनी सोसाइटी के 15 फ्लोर से कूदकर खुदकुशी कर ली।

सेक्टर-75 स्थित पंचशील प्रतिष्ठा सोसाइटी में पंकज पुत्र गुलशन कुमार रहते थे। उन्होंने मंगलवार की शाम को अपनी सोसाइटी के 15वीं मंजिल स्थित फ्लैट से ऊपर से नीचे छलांग लगा दिया। इस घटना में उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करते थे। उनके साथ काम करने वाले लोगों से जब पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह काफी दिनों से डिप्रेशन में चल रहे थे।

## शातिर लुटेरा गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सूरजपुर पुलिस ने लूटपाट करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से एक मोटरसाइकिल तथा अवैध हथियार बरामद किया है। थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर अंकित पुत्र रमेश को कस्बा सूरजपुर से मंगलवार की शाम को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाश ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि वह अपने साथी दीपक सैनी के साथ मिलकर दुपहिया वाहन पर सवार होकर लूटपाट और चोरी की वारदातें करता है। उक्त बदमाश ने एक महिला से सोने की चेन लूटने सहित लूटपाट की दर्जनों वारदातें करनी स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ पूर्व में लूटपाट, चोरी सहित विभिन्न धाराओं में 17 मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस इसके साथी की तलाश कर रही है।

# निरस्त भूखंड शुल्क लेकर बहाल करे प्राधिकरण

## बैठक में एनईए व एमएसएमई ने सीईओ से की मांग



**नोएडा ( चेतना मंच )।** उद्यमियों से संबंधित समस्याओं का समाधान करने के मकसद से नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम की अध्यक्षता उद्योग सहायक समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान सीईओ ने कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया।

सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में हुई उद्योग सहायक समिति की बैठक में उद्यमियों की संस्था नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन (एनईए) के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने उद्यमियों की प्राधिकरण से संबंधित समस्याओं व सुझावों से सीईओ को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नोएडा प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण के देयताओं का भुगतान न करने तथा इकाई में वाणिज्यक गतिविधि चलाने पर औद्योगिक भूखंडों को निरस्त कर दिया जाता है। प्राधिकरण की पालिसी अनुसार सीईओ को अधिकार है कि वे कैसिंल किए गये भूखंड स्वामियों से रेस्टोरेशन चार्ज लेकर उन्हें पुनः बहाल कर सकते हैं। जिन औद्योगिक इकाईयों को प्राधिकरण द्वारा निरस्त कर दिया था, यदि उनके द्वारा अपनी इकाई को रि-स्टोर करवाने की प्राधिकरण की सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई है, तो उन्हें रि-स्टोर कर दिया जाए।

उन्होंने कहा कि प्राधिकरण द्वारा उद्योगों में कामर्शियल गतिविधि चलाने पर धारा 10बी के नोटिस जारी जाते हैं। जिन्हें वर्ष 2021 से पूर्व उद्यमी द्वारा कामर्शियल गतिविधि बंद कर भविष्य में कामर्शियल गतिविधि न चलाने का शपथ पत्र देने पर नोटिस वापिस् ले लिया जाता था। अब प्राधिकरण द्वारा ऐसे प्रकरणों के लिए कमेटी का गठन किया गया है जोकि उद्यमी द्वारा अपनी इकाई में कामर्शियल गतिविधि न करने का शपथ पत्र देने के साथ 1 प्रतिशत चार्जेज जमा करने तथा प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा इकाई में जाकर सर्वे करने के पश्चात् भी ऐसे प्रकरण को पुनः कमेटी में रखे जाते हैं। अतः इस व्यवस्था को पूर्व की भॉंति ही रखा जाए तथा ऐसे प्रकरणों का निस्तारण प्राधिकरण के औद्यौगिक विभाग के ओएसडी स्तर के अधिकारी द्वारा ही कराया जाए।

बैठक के दौरान एनईए के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन, महासचिव वीके सेठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कोहली, धर्मवीर शर्मा, कोषाध्यक्ष शरद चन्द्र जैन, उपाध्यक्ष आरएम जिंदल, सचिव राजन खुराना, विरेन्द्र नरूला, राहुल नैययर, मयंक गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

## वन्यजीवों का परिवेश पोर्टल 2.0 पर 31 अक्टूबर तक करें पंजीकरण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भारत सरकार की ओर से वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 में निहित प्राविधानो के अन्तर्गत संकटापन्न वन्यजीव प्रजातियों के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को नियमित करने हेतु द कन्वेंशन ऑन इंटरनेशनल ट्रेड इन एंडेजर्ड स्पेसीज ऑफ वाईल्ड फून एण्डा फ्लोरा के अन्तर्गत आने वाले वन्यजीवो का पंजीकरण कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया इस संबंध में भारत सरकार द्वारा गजट संख्या-134 28-02-2024 जारी कर उक्त पंजीकरण की अंतिम तिथि 31-08-2024 निश्चित की गयी है एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा परिवेश पोर्टल 2.0 भी निर्मित किया गया है।

अतः समस्त से अपील की जाती है कि वन्यजीवो का उक्त पोर्टल पर नियत तिथि से पूर्व पंजीकरण करायें।

## जनपदीय राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र के लिए द्वितीय चरण के प्रवेश परिणाम घोषित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा गौतम बुद्ध नगर के प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी यज्ञ देव सिंह द्वारा बताया गया कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जनपदीय राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2024-25 के लिए (एक वर्षीय एवं दो वर्षीय) द्वितीय चरण का प्रवेश परिणाम घोषित कर दिया गया है। चयनित अभ्यर्थियों के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए अन्तिम तिथि 28-08-2024 (दिन बुधवार अवकाश सहित) निर्धारित है, अतः चयनित अभ्यार्थी संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें।

## लवकेश गोयल बने व्यापारिक सुरक्षा फ़ोरम के अध्यक्ष



**नोएडा ( चेतना मंच )।** व्यापारिक सुरक्षा फोरम संस्थान की एक अहम बैठक उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री एवं प्रभारी जिला महानगर नोएडा राधा कृष्ण गर्ग की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में नोएडा महानगर अध्यक्ष पद पर लवकेश कुमार गोयल को नियुक्त किया गया।

नवनियुक्त नोएडा महानगर अध्यक्ष लवकेश कुमार गोयल ने कहा कि मैं अपने शीर्ष संगठन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे उन्होंने यह जिम्मेदारी दी है। मैं आश्वासन दिलाता हूं कि मैं संस्था के हित में कार्य करूंगा और व्यापारियों को न्याय दिलाने में मदद करूंगा।

उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री राधाकृष्ण गर्ग ने बताया कि व्यापारियों की समस्याओं के लिए हमारी संस्था सरकारी विभाग के उच्च अधिकारियों से मिलकर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने की यथा सम्भव प्रयास करेगी।

बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक सुरेश गुप्ता, ओ.पी. गुप्ता, ओ.पी. गोयल एवं डॉ वी.के.गुप्ता को नियुक्त किया गया एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहताश कुमार गोयल, सुनील गुप्ता, आर.के. सिंघला, महामंत्री अतुल गुप्ता, सचिव मनोज गोयल एवं निशांत गर्ग, महिला मोर्चा अध्यक्ष मधुबाला वैश्य, उपाध्यक्ष इंदु कुमारी को नियुक्त किया गया।

# जीएसटी आयुक्त ने व्यापारियों की सुनी समस्याएं

**नोएडा ( चेतना मंच )।** वाणिज्य कर विभाग गौतमबुद्धनगर द्वारा सेक्टर-148 GST कार्यालय में उद्यमियों और व्यापारियों की मीटिंग का आयोजन GST कमिशनर श्रीमती चांदनी सिंह के सानिध्य में रखी गई। नोएडा ग्रेटर नोएडा के विभिन्न व्यापारी संगठन इस कार्यशाला में उपस्थित हुए।

अपर आयुक्त ग्रेड टू विवेक आर्य द्वारा GST में आ रही दिक्कतों के बारे में सभी प्रतिनिधिमंडलों से विस्तार से चर्चा की गई। बिलों में हुई मानवीय भूल पर उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन द्वारा विशेष आवाज़ उठायी गई जिस पर अपर आयुक्त विवेक आर्य ने कहा कि छह बिंदुओं पर विभाग द्वारा चालान नहीं काटा जाता है। उन्होंने कहा कि सभी को बिल बनाते समय विशेष ध्यान रखना चाहिए एक छोटी सी भूल कई बार बहुत बड़ा नुक़सान का कारण बन जाती है। फिर भी शासन चाहता है जहाँ टैक्स चोरी की मंशा न हो वहाँ उस व्यापारी के साथ कुछ भी ग़लत न हो।



GST कमिशनर श्रीमती चाँदनी सिंह व्यापारी प्रतिनिधियों से बात करती हुई।

वाणिज्य कर विभाग की कमिशनर श्रीमती चाँदनी सिंह ने कहा कि सभी बाज़ारों की अलग अलग मीटिंग रखी जाएगी और वहाँ हो रही समस्याओं के बारे में जानकर उसका समाधान करवाया जाएगा। श्रीमती सिंह ने GST में पंजीकरण बढ़ाने के लिए व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से आग्रह किया।

प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि प्रशासन के साथ मिलकर हम सभी बाज़ारों में GST के कैंप लगवाएंगे। एनईए से आलोक गुप्ता ने वाणिज्य कर विभाग को कई प्रकार की समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें शासन द्वारा कहा गया कि व्यापारी हमारे लिए रीढ़ की हड्डी है। इनके विकास के लिए हम सदैव आपके साथ है।

ज्वाइंट कमिश्नर संजय कुशवाहा ने कहा कि जिलाधिकारी से बात कर इसका निराकरण कराया जाएगा और भविष्य में व्यापारियों को कोई दिक़्क़त न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल से प्रदेश महामंत्री सचिन गोयल ने कहा कि जब हम एक बार टैक्स भर देते हैं उसके बाद यदि वो माल बेचने वाली फ़र्म फ्रॉड हो जाए तो इसमें माल ख़रीदने वाले व्यापारी का क्या दोष है। सरकार को इसके लिए नए सिरे से सोचना चाहिए। ज्वाइंट कमिश्नर दीप्ति कटियार ने कहा कि इस विषय में शासन से अनेक बार बात होती है और अनेक परिवर्तन भी हुए हैं।

# जिला टास्क फोर्स समिति के अधिकारी नियमित रूप से विद्यालयों का करे निरीक्षण : सीडीओ




**नोएडा ( चेतना मंच )।** डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षा विभाग की योजनाओं के अनुश्रवण हेतु गठित की गई जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से शिक्षा विभाग के वर्तमान तक के कार्यों की प्रगति से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को कहा कि विद्यालयों में सी.एस.आर. के माध्यम से स्मार्ट क्लास, साइंस लैब तथा वॉल पेंटिंग आदि का कार्य सुनिश्चित कराया जाए।

उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि शत् प्रतिशत छात्राओं का आधार वेरीफाई कराए जाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। शत प्रतिशत परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को डीबीटी के माध्यम से प्रेषित की जाने वाली धनराशि समय से उपलब्ध करा दी जाए, ताकि समय से ही उनके द्वारा यूनिफॉर्म, जूता व मौजा खरीदा जा सके। उन्होंने कहा कि जनपद की शिक्षा प्रणाली में गुणवत्ता लाने एवं शिक्षा से संबंधित योजनाओं का शत् प्रतिशत पात्र छात्र-छात्राओं तक पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि जनपद शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश की रैंकिंग में अग्रणी स्थान बना सके।

इस महत्वपूर्ण बैठक में डायट प्राचार्य राज सिंह यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार एवं संबंधित अधिकारियों अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## ‘अपराध स्थल जांच में आधुनिक प्रगति’ पर परिचर्चा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ फॉरेसिक साइंसेस के छात्रों को फॉरेसिक विज्ञान मे हो रही प्रगति की जानकारी प्रदान करने के लिए आज यूएसए के यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू हेवेन के हेनरी सी ली इंस्टीटयूट ऑफ फॉरेसिंक सांइसेस के डा हेनरी सी ली ने ‘अपराध स्थल जांच में आधुनिक प्रगति’ विषय पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला और एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डा संजीव बंसल ने डा हेनरी को प्रोफेसरशिप की मानद उपाधि से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में ताइवान पुलिस कॉलेज के अपराधिक जांच विभाग के डा जेफ गेंग- लेंग ली, यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू हेवेन की कंट्री हेड - इंटरनेशनल श्रीमती रंजना मैत्रा भी मौजूद थे।

यूएसए के यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू हेवेन के के हेनरी सी ली इंस्टीटयूट ऑफ फॉरेसिंक सांइसेस के डा हेनरी सी ली ने ‘‘ अपराध स्थल जांच में आधुनिक प्रगति’’ विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि प्रारंभिक दिनों में संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ कर अपराध की ज? तक पह्रुचा जाता था उन दिनों फॉरेसिंक विज्ञान का उपयोग कम था। वर्तमान में न्यायिक प्रणाली के विभिन्न क्षेत्रों जैसे अपराध की जांच, नागरिक विवाद, आमजन सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा, साइबर अपराध, ऐतिहासिक महत्व सहित ग्राहक अधिकार की सुरक्षा, उत्पाद की सुरक्षा, अंर्तराष्टीय व घरेलु आंतकवाद में भी फॉरेसिक विज्ञान का उपयोग हो रहा है। उन्होनें छात्रो से कहा कि विदेशी भाषाओं का ज्ञान होना आवश्यक है इससे आप अन्य लोगों की संस्कृतियों की जानकारी रख सकते है। फॉरेसिक विज्ञान, प्रबंधन से अलग होता है, संस्थान एवं समूह का प्रबंधन आसान है किंतु स्वंय का प्रबंधन कठिन है। डा हेनरी सी ली ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सीसीटीवी, जीपीएस विश्लेषण, संदिग्ध का प्रोफाइल, डेटा का विश्लेषण, डीएनए जेनेटिक प्रोफाइल, अपराध स्थल का पुनर्निर्माण आदि भविष्य की जांच तकनीकी है जिनका ज्ञान आवश्यक है।

एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रो ली द्वारा दिया गया व्याख्यान सभी छात्रों एवं शिक्षकों के लिए लाभकारी होगा और उन्हे फॉरेसिक विज्ञान के क्षेत्र में हो रही प्रगति से अवगत करायेगा।

इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय के एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डा संजीव बंसल ने एमिटी शिक्षण समूह के संर्दभ में प्रस्तुती दी और एमिटी लॉ स्कूल के चेयरमैन डा डी के बंद्योपाध्याय, फैकल्टी ऑफ सांइस एंड टेक्नोलॉजी की डीन डा सुनिता रतन, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ फॉरेसिक साइंसेस के एसोसिएट प्रोफेसर डा बिस्वा प्रकाश नायक ने अपने विचार रखे।

